भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 295 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 20 अक्टूबर 2021 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दु:खों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## बांग्लादेश में हमलों पर त्रिपुरा के सीएम बिप्लव देब बोले- दोनों देशों के संबंधों को नुकसान पहुंचाने की साजिश है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थल पर हुए हमले को एक बड़ी साजिश का हिस्सा बताया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि ऐसा करके भारत और बांग्लादेश के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। अगरतला में मीडिया से बात करते हुए बिप्लब देब ने आगे कहा कि भारत और बांग्लादेश दोनों लंबे समय से सौहार्दपूर्ण संबंध साझा करते हैं। कट्टरपंथियों ने रिश्ते को खराब करने की साजिश रची है। हमें विश्वास है कि बांग्लादेश प्रशासन ऐसी घटनाओं के संबंध में सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने अल्पसंख्यकों पर हमलों को दर्दनाक और शर्मनाक बताया।

देब ने कहा कि बांग्लादेश प्रशासन ने कुछ लोगों को हिंसा में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है और उनके कथित तौर पर कट्टरपंथी संगठनों से संबंध हैं। देब ने कहा कि यह दुर्गा पूजा के दौरान बांग्लादेश में धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थानों पर हमलों के माध्यम से रची गई कट्टरपंथी ताकतों की साजिश है।

# उत्तराखंड में भारी बारिश से तबाही

## 40 की मौत, 9 लापता, छह सौ लोगों को बचाया, हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू

आपदा....

### बादल फटने और लैंडस्लाइड से एक दिन में 42 लोगों की मौत, नैनीताल और काठगोदाम के बीच रेल ट्रैक बहा

**हल्द्वानी (एजेंसी)।** उत्तराखंड में भारी बारिश के दौरान हुए भूस्खलन की घटनाओं में 40 लोगों की मौत हो गई। नैनीताल जिले में ही 25 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में 14 उत्तर प्रदेश और बिहार के मजदूर शामिल हैं। नैनीताल जिले के रामगढ़ ब्लॉक में 9 मजदूर घर में ही जिंदा दफन हो गए।

जबकि, झुतिया गांव में ही एक मकान मलबे में दबने से दंपति की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा अभी लापता है। दोषापानी में 5 मजदूरों की दीवार के नीचे दबने से मौत हो गई। नैनीताल जिले में ही क्वारब में 2, कैंची धाम के पास 2, बोहराकोट में 2 और ज्योलिकोट में एक की मौत हुई। अल्मोड़ा में छह लोगों की मलबे में दबने से



मौत हुई है। जबकि, चंपावत में तीन और पिथौरागढ़-बागेश्वर में भी एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। बाजपुर में तेज बहाव में बहने से एक किसान की मौत हो गई। उधर, बारिश का पानी घर में घुसने से फैले करंट से किच्छा में यूपी के देवरिया के विधायक कमलेश शुक्ला के घर में फैला करंट फैलने से बहू की मौत हो गई। नैनीताल के ओखलकांडा और चम्पावत में आठ लोग लापता हैं। सोमवार - मंगलवार देर रात प्रदेश में आई आपदा के चलते एसडीआरएफ की टीमें रातभर बचाव और राहत अभियान में जुटी रहीं। एसडीआरएफ ने इस दौरान छह सौ से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में कामयाबी हासिल की। प्रदेश भर एसडीआरएफ की 29 स्थानों पर पोस्ट हैं। मौसम विभाग की ओर से भारी बारिश की चेतावनी के बाद, सभी टीमों को पहले ही हाई अलर्ट पर रखा गया था। इसी क्रम में एसडीआरएफ कमांडेंट नवनीत भुल्लर कंट्रोल रूम में डटकर, रातभर राहत और बचाव अभियान की निगरानी करते रहे। इस दौरान बारिश से हो रहे नुकसान, सड़क मार्ग पर फंसे वाहनों, पैदल मार्गों पर फंसे यात्रियों की जानकारी जुटाकर उन तक टीमें पहुंचाने का काम किया गया। बल की टीमों ने गौमुख ट्रैकिंग रूट, केदारनाथ पैदल मार्ग के साथ ही जगह बाढ़ और मलबे में फंसे लोगों को बचाने का काम किया। मंगलवार दोपहर बाद तक बल की टीमों ने छह सौ लोगों को सुरक्षित निकालने में कामयाबी हासिल की। उत्तराखंड में ठीक सत्रह साल पहले भी अक्टूबर के महीने में गंगा ने खतरे का निशान पार किया था।

सिंचाई विभाग के पूर्व एचओडी इंजीनियर डीपी जुगरान बताते हैं कि यह घटना 19 और 20 अक्टूबर 2003 की है। जुगरान उस दौरान ऋषिकेश बैराज पर अधिशासी अभियंता के रूप में तैनात थे। दीवाली की छुट्टी पर वो अपने घर श्रीनगर जाने की तैयारी कर रहे थे। दीवाली 25 अक्टूबर की थी। किसी को उम्मीद नहीं थी कि अक्टूबर में बारिश होगी। पर, 18-19 अक्टूबर को बारिश शुरू हुई और कुछ ही समय बाद उसने भयावह रूप ले लिया। नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा। जुगरान बताते हैं कि नदियों में इतना पानी बढ़ गया था कि बैराज को संभालना भारी पड़ गया। बैराज के फाटक भी खतरे में आ गए थे। अत्यधिक पानी होने की वजह से बैराज से डिस्चार्ज करना पड़ा। उस वर्ष भी अक्टूबर के महीने में गंगा खतरे के निशान के पार चली गई थी। केदारनाथ में बीते कई सालों से रह रहे बाबा दंडी भारती का मंगलवार को निधन हो गया। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह 5 बजे ठंड अधिक बढ़ने से उनकी मौत हुई है। उधर, रुड़की के लंढौरा में बारिश के दौरान एक दीवार गिरन जाने से नौ माह के बच्चे की मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट से फोन पर राज्य में आपदा और राहत बचाव कार्यों का जायजा लिया।

## पीएम मोदी जताया दुख, कहा- व्यथित हूं, घायलों के शीघ्र स्वस्थ की कामना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में भारी बारिश के बाद हुई जानमाल की क्षति पर शोक व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने मंगलवार शाम को कहा है कि उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण लोगों की जान जाने से मैं व्यथित हूं। बता दें कि उत्तराखंड के विभिनन हिस्सों से मंगलवार को बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 16 लोगों की मौत हुई है। पीएम मोदी ने टवीट कर कहा उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा के कारण लोगों की जान जाने से मैं व्यथित हूं। घायल शीघ्र स्वस्थ हों। प्रभावित लोगों की मदद के लिए बचाव कार्य जारी है। मैं सभी की सुरक्षा और भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं।

# घरों से न निकलें लोग, लाउडस्पीकर से ऐलान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** नागरिकों पर बढ़ते हमलों के बीच सेना ने आंतकियों पर आखिरी प्रहार के लिए कमर कस ली है और अब सभी नागरिकों को अपने-अपने घरों में रहने को कहा है। जम्मू कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों में वन क्षेत्र में आतंकवाद निरोधक अभियान को मंगलवार को नौ दिन हो गये, वहीं मेंढर में लाउडस्पीकरों से सार्वजनिक घोषणाएं कर स्थानीय लोगों से घरों में रहने को कहा गया है।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भट्टा दुरियां और आसपास के क्षेत्रों में स्थानीय मस्जिदों से मुनादी कर लोगों को

कश्मीर में आतंकियों पर अंतिम वार को सेना तैयार



सतर्क किया गया। सुरक्षा बल आतंकवादियों के खिलाफ अंतिम वार की तैयारी कर रहे हैं जो पुंछ जिले के मेंढर में वन क्षेत्र में छिपे हो सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार, लोगों से वन क्षेत्र में नहीं जाने को और अभियान के मद्देनजर अपने मवेशियों को भी घरों में रखने को कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि बाहर गये लोगों को मवेशियों के साथ घर लौटने को कहा गया है।

पुंछ के सुरनकोट इलाके में 11 अक्टूबर को शुरू हुई मुठभेड़ में एक जेसीओ सहित पांच सैन्य कर्मी मारे गए थे। सूत्रों ने बताया कि लगातार 9 दिनों से जारी अभियान में किसी भी क्षति से बचने के लिए सेना घोषणाएं कर रही हैं। इससे पहले आर्मी चीफ एमएम नरवणे ने भिंबर गली सहित पुंछ के कई फॉरवर्ड इलाकों का दौरा किया था और वहां आतंकियों के खिलाफ जारी ऑपरेशन का जायजा लिया था।

# मिशन 2022 के लिए नया नारा देने के कुछ घंटे बाद प्रियंका को यूपी में बड़ा झटका, सलाहकार ने छोड़ी पार्टी

**लखनऊ (एजेंसी)।** मिशन 2022 के लिए नया नारा लड़की हूं लड़ सकती हूं देने के कुछ घंटे बाद ही प्रियंका गांधी को यूपी में बड़ा झटका लगा है। प्रियंका गांधी के सलाहकार हरेंद्र मलिक ने पार्टी की सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। हरेंद्र मलिक के साथ ही उनके बेटे पूर्व विधायक पंकज मलिक ने भी पार्टी छोड़ दी है। पंकज इस समय यूपी कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष थे। फिलहाल दोनों नेताओं ने पार्टी छोड़ने का कारण नहीं बताया है। हरेंद्र मलिक ने कहा कि अभी तक



कांग्रेस के सदस्य के तौर पर काम कर रहा था। एसीसीआई कार्यसमिति का सदस्य होने के साथ ही प्रियंका गांधी के सलाहकार समिति का सदस्य, चुनाव अभियान समिति का सदस्य भी था। मैंने सभी पदों के साथ ही कांग्रेस की सदस्यता से भी इस्तीफा प्रियंका गांधी को भेज दिया है।

पार्टी छोड़ने के कारणों पर हरेंद्र मलिक ने कहा कि 18 साल कांग्रेस में रहा। राजनीतिक आदमी हूं और आगे भी राजनीति करता रहूंगा। अगले कदम का जल्द खुलासा करने की बात भी हरेंद्र मलिक ने कही। एक सवाल के जवाब में हरेंद्र मलिक ने कहा कि बीजेपी में जाने का सवाल ही नहीं उठता है। हमारी और बीजेपी की विचारधारा बिल्कुल अलग है।

वहीं पंकज मलिक ने प्रियंका गांधी को भेजे त्यागपत्र में लिखा है कि एआईसीसी यूपी उपाध्यक्ष और पार्टी की ओर से मिली अन्य सभी जिम्मेदारियों से इस्तीफा दे रहा हूं। इसके साथ ही कांग्रेस की प्राथमिकत सदस्यता से भी इस्तीफा दे रहा हूं। पंकज मलिक कांग्रेस से विधायक रहने के साथ ही विधानमंडल के पूर्व उप नेता भी रहे हैं। पंकज मलिक वर्तमान में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व वेस्ट यूपी के प्रभारी थे। पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक को मुजफ्फरनगर में बड़ा राजनैतिक दिग्गज माना जाता है। वह पहली बार 1985 में चौधरी चरण सिंह के आशीर्वाद से लोकदल से खतौली विधानसभा से विधायक बने थे।

# ड्रग्स लेते हैं राहुल गांधी, तस्करी में भी शामिल, कर्नाटक बीजेपी चीफ के बयान ने छेड़ा विवाद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष नलीन कुमार कतील के एक बयान के बाद अब विवाद बढ़ सकता है। मंगलवार को नलीन कुमार कतील ने कहा, राहुल गांधी कौन हैं? मैं यह नहीं कह रहा हूं। राहुल गांधी एक ड्रग्स एडिक्ट हैं और ड्रग पेडलर हैं। यह मीडिया में आया था। आप पार्टी को भी नहीं चला सकते हैं। कर्नाटक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की यह प्रतिक्रिया कर्नाटक कांग्रेस की तरफ से किये गये उस ट्वीट के बाद आई है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अशिक्षित बताया गया था। यह ट्वीट कनन्ड़ भाषा में किया गया था। इस ट्वीट के बाद यहां हंगामा खड़ा हो गया था। हालांकि, बाद में कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने ऐलान किया था कि पीएम मोदी को लेकर यह विवादित ट्वीट पार्टी की सोशल मीडिया टीम ने उनके ट्विटर हैंडल से हटा दिया है। डीके शिवकुमार ने यह भी कहा था कि यह एक नौसिखिए की गलती थी। इस ट्वीट को लेकर डीके शिवकुमार ने लिखा, मेरा हमेशा से मानना है कि राजनीतिक चर्चा में नागरिक और संसदीय भाषा होना जरूरी है। कर्नाटक कांग्रेस के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल के जरिए एक नौसिखिए सोशल मीडिया मैनेजर की ओर से किया गया असभ्य ट्वीट खेदजनक है और उसे हटा लिया गया है।

इधर नलीन कुमार कतील के इस बयान के बाद डीके शिवकुमार ने ट्विटर पर एक बार फिर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, पिछले दिनों मैंने कहा था कि मैं राजनीतिक चर्चा में नागरिक और संसदीय भाषा होना जरूरी है। यहां तक कि हमारे विपक्षियों से भी। मुझे आशा है कि बीजेपी भी मेरे साथ इसे मानती है और राहुल गांधी पर अपने प्रदेश अध्यक्ष के बयान को लेकर वो क्षमा जरुर मांगेगी।आपको बता दें कि कर्नाटक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कुछ पुलिसवालों की तस्वीर भी ट्विटर पर शेयर की थी। इन तस्वीरों को लेकर भी काफी चर्चा हुई थी। ये तस्वीर विजयपुरा और उडुपी पुलिस की थी, जिसमें पुलिसकर्मी भगवा रंग के शॉल और कपड़े पहने नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए डीके शिवकुमार ने लिखा था, हमारी पुलिस सभी भेदों से ऊपर उठकर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संवैधानिक प्रावधानों से बंधे हुए हैं। एक राजनीतिक संगठन के रंग के कपड़े पहनकर कर्नाटक पुलिस क्या मिसाल कायम करना चाहती है? क्या मुख्यमंत्री और डीजीपी इस गंभीर मामले पर गौर करेंगे?

## बांग्लादेश में हिंदुओं संग हिंसा का विरोध

# आज देशभर में जिहादी आतंकवाद का पुतला फूंकेगी वीएचपी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। उधर, भारत में तमाम संगठन बांग्लादेशी हिंसा पर सवाल उठा रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद ने भी बुधवार को नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के सामने प्रदर्शन का ऐलान किया है। साथ ही कहा कि पूरे भारतवर्ष के हर जिले में हिंदुओं पर हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। विहिप ने कहा कि कट्टरपंथियों के हिंदुओं पर अत्याचार की तुलना नाजियों की क्रूरता से की जा सकती है। पिछले एक सप्ताह से बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा बढ़ती जा रही है। आधा दर्जन से अधिक हिंदुओं का कत्लेआम, हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ और फिर कुछ कट्टरपंथियों ने 29 घरों को फूंक दिया गया। इस घटना पर अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र संघ भी नाराजगी जाहिर कर चुका है। उधर, बांग्लादेश में भी अल्पसंख्यक वर्ग लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बांग्लादेश पीएम शेख हसीना मामले में कड़ी कार्रवाई की बात कह रही है। उनका कहना है कि अब तक



कई लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। हम किसी को भी नहीं बख्शेंगे।

बांग्लादेश में हिंसा की आग भारत भी पहुंच चुकी है। पहले भाजपा और अब विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने विरोध के सुर तेज कर दिए हैं। एक प्रेस रिलीज जारी करते हुए संगठन ने कहा, ठबांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों पर हमलों के कारण अशांति फैल रही है। इसलिए विश्व हिंदू परिषद बुधवार को नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के प्रदर्शन करेगा। साथ ही पूरे भारतवर्ष में सभी जिलों में इस हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। विहिप के केंद्रीय संयुक्त महासचिव सुरेंद्र जैन ने कहा कि प्रदर्शनों में ठजिहादी आतंकवाद का पुतला दहन किया जाएगा। उन्होंने कहा, ठकट्टरपंथी इस्लामी जिहादियों और कट्टरपंथियोंठ द्वारा हिंदुओं पर किए गए अत्याचारों की तुलना केवल नाजियों की क्रूरता से की जा सकती है। संगठन ने हिंदुओं पर हिंसक हमलों को समाप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र से बांग्लादेश में शांति रक्षक बल भेजने का भी आह्वान किया है। कुछ दिन पहले कोलकाता में कुछ धार्मिक संगठनों ने बांग्लादेश उप उच्चायोग के सामने भजन गाते हुए प्रदर्शन किया था। भारतीय जनता पार्टी कुछ दिनों से दिल्ली के जंतर मंतर में प्रदर्शन कर रही है। उधर, इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) ने मंगलवार को कहा कि वह बांग्लादेश में हमलों को लेकर 23 अक्टूबर को एक दिवसीय वैश्विक विरोध प्रदर्शन करने की योजना बना रहा है।

## पत्नी से गुस्साए शख्स ने घर में लगाई आग, पड़ोस के 10 घर भी जले

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। पति-पतनी के झगड़े ने ऐसा विकराल रूप ले लिया कि इसका खामियाजा पड़ोस के लोगों को भी भुगतना पड़ा। पतनी से झगड़े के बाद गुस्साए शख्स ने अपने घर में आग लगा दी। कुछ ही देर में आग ने पड़ोस के 10 घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। मामला सोमवार दोपहर महाराष्ट्र के मजगांव गांव का है। पुलिस का कहना है कि संजय पाटिल का किसी बात को लेकर अपनी पतनी पल्लवी से झगड़ा हो गया था। कुछ ही देर में मामला मारपीट तक पहुंच गया। इस बीच गुस्से में आकर संजय ने घर में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और न सिर्फ संजय के घर बल्कि पड़ोस के 10 घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना में करोड़ों का नुकसान हुआ है। हालांकि अच्छी बात ये रही कि घटना में किसी की जान नहीं गई। समय रहते लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। बताया जा रहा है कि घटना के बाद पड़ोसियों ने संजय को पकड़ लिया और जमकर पीटा और पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने आरोपी संजय को गिरफ्तार कर लिया है। उधर, पल्लवी ने भी संजय के खिलाफ मारपीट और घरेलू हिंसा के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

## खबर संक्षेप

### महात्मा पुण्यदेव स्मारक का शिलान्यास पनासा में आज

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत पनासा में बुधवार दोपहर महात्मा पुण्य देव स्मारक स्थलीय मनरेगा पार्क का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया जायेगा। मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी करछना विनोद कुमार पाण्डेय व , विशिष्ट अतिथि जितेन्द्र कुमार खंड विकास अधिकारी करछना, होंगे भूमि पूजन का कार्य ब्लाक प्रमुख करछना सरोज द्विवेदी के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। इस कार्यक्रम के आयोजक प्रधान पनासा नागेन्द्र कुमार पाण्डेय, सह आयोजक धरमेंद कुमार मिश्रा क्षेत्र पंचायत सदस्य पनासा चतुर्थ की देख रेख में आयोजित किया जा रहा है ।उक्त आशय की जानकारी संतोष पांडेय पूर्व प्रधान मेडरा ने दी।

### 21 अक्टूबर को जिले में मनरेगा पदाधिकारियों का होगा प्रथम आगमन

**सिरसा।** प्रयागराज विधानसभा मेजा में मनरेगा के पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान समारोह 21 अक्टूबर को होगा। बता दें कि मेजा क्षेत्र के मां विंध्यवासिनी गार्डन लखनपुर में 21 अक्टूबर को मनरेगा के पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनन्दन समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमे प्रदेश संरक्षक शिव मनोरथ शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष भूपेश सिंह, टीम के मेंबर अनिल द्विवेदी, प्रदेश प्रवक्ता अरुण मिश्रा, आशुतोष द्विवेदी तकनीकी सहायक उत्तर प्रदेश मनरेगा कर्मचारी महासंघ, सुनील सिंह ऑपरेटर जिला महामंत्री उत्तर प्रदेश मनरेगा महासंघ, सुरेश त्रिपाठी जिला अध्यक्ष भदोही, संजय सोनकर मिजार्पुर जिला अध्यक्ष, डीपी शुक्ला जौनपुर जिला अध्यक्ष आमंत्रित हैं। जिन सदस्यों का प्रयागराज में प्रथम आगमन पर बृहस्पतिवार को स्वागत एवं अभिनंदन समारोह होगा। उक्त कार्यक्रम की जानकारी अनीश कुमार मिश्रा उर्फ सोनू जिला अध्यक्ष ग्राम रोजगार सेवक संघ प्रयागराज ने दी है। वहीं अनीश कुमार मिश्रा उर्फ सोनू ने मां विंध्यवासिनी गार्डन लखनपुर, मेजारोड मे समस्त जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक अध्यक्ष, समस्त ग्राम रोजगार सेवक संघ व समस्त मनरेगा कर्मियों को आमंत्रित किया हैं।

### परसरा की रामलीला आज से

**घूरपुर।** जसरा विकास खंड के आदर्श गांव परसरा बसंती की रामलीला का मंचन बुधवार रात्रि से होगा । रामलीला मंचन कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी पूर्व प्रमुख जसरा राजीव कुमार मिश्र के हाथों किया जाएगा । उक्त आशय की जानकारी देते हुए कमेटी के पदाधिकारी अभिषेक शुक्ल ने बताया कि बुधवार को नारद मोह लीला का मंचन किया जाएगा।

# लापता किशोर का शव कुएं में मिलने से मचा हड़कंप, घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल

## अपमानित होने से नाराज युवक ने किशोर को कुएं में ढकेला

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा थाना जवनिया चौकी अंतर्गत ग्राम हुल्का में सोमवार को लापता किशोर की मंगलवार सुबह पास के कुएं से शव बरामद होने पर हड़कंप मच गया ' बताया जा रहा है कि मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर अपमानित करने का बदला लेने के लिए युवक ने किशोर को कुरकुरे खिलाने के बहाने कुएं के पास ले जाकर धक्का दे दिया। कुएं में गिरने से किशोर की मौत हो गई और उसका शव दूसरे दिन बरामद किया गया। इस घटना से परिवार और गांव में कोहराम मचा हुआ है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।



मृतक किशोर शुभम मिश्र

मेजा थाना क्षेत्र के हुल्का गांव में सोमवार को लापता किशोर का मंगलवार सुबह गांव के ही कुएं में शव मिला। मौके पर पहुंची मेजा पुलिस जांच में जुटी हुई है। हुल्का निवासी संजीव मिश्र का इकलौता बेटा शुभम मिश्र (12 ) सोमवार को घर से अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने कई स्थानों पर खोजबीन की लेकिन पता न लगने पर इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी थी, लेकिन देर शाम तक शुभम का कुछ पता नहीं चल सका था। मंगलवार की सुबह पास के ही एक कुएं में शुभम का शव पड़ा मिला। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पहुचे मेजा थाना प्रभारी अरुण कुमार चतुवेर्दी, जेवनिया चौकी इंचार्ज जांच में जुट गए और कुछ देर में ही घटना का खुलासा कर दिया। गांव के ही एक युवक को पकड़कर जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने शुभम को कुएं में धक्का देकर गिराने की बात कुबूल कर ली। उसी की निशानदेही पर ही शुभम का शव कुएं से बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक मेजा अरुण कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि शुभम के लापता होने की रिपोर्ट थाने में संजीव मिश्र पुत्र राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने 18 अक्तूबर क दर्ज कराई थी। जिसकी जांच के लिए पुलिस टीम गांव में पहुंची थी। परिजनों से पूछताछ में पता चला कि एक महीने पहले संजीव मिश्र के घर से गांव के ही अंकित मिश्र पुत्र ओम प्रकाश मिश्र ने मोबाइल फोन चुराने का प्रयास किया था, जिसे परिवार के लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया था और उसे काफी अपमानित किया था। इस आधार पर पुलिस ने जब अंकित को पकड़कर उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सारे राज उगल दिए।

पुलिस के अनुसार अंकित मिश्र ने बताया कि वह पिछले महीने संजीव मिश्र के घर स्थापित गणेश प्रतिमा देखने गया था। उस दौरान इन लोगों ने मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर उसको काफी अपमानित किया था। इससे गांव में उसके परिवार की काफी बदनामी हुई थी। इस अपमान का बदला लेने के लिए वह काफी समय से प्रयास कर रहा था कि इसी दौरान उसने 18 अक्तूबर को अपने भाई अंकुर मिश्र से शुभम को कुरकुरे खिलाने के बहाने गांव के कुएं पर बुलाया।शुभम से अंकित ने कहा कि कुएं में कबूतर है देखो। जब शुभम कुएं में झांकने लगा तो अंकित ने उसे धक्का दे दिया जिससे वह कुएं में गिर गया। पुलिस ने बताया कि अंकित की निशानदेही पर ही शुभम का शव कुएं से बरामद किया गया। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### भाजपा पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

**सहसों।** मंडल सहसों में भारतीय जनता पार्टी गंगापार की हसनपुर कसेरूआ में एक आवश्यक बैठक की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हौसला पाठक विधानसभा प्रभारी फूलपुर ने मंडल के शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक से वृतांत जानकारी लेते हुए आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी तैयारी हर बूथों पर करना है दिशा निर्देशित किया एवं नवनियुक्त सभी मोर्चों के मंडल अध्यक्षों को माला पहना कर स्वागत किया गया। इस संदर्भ में सभी शक्ति केंद्रों पर दिनांक 20 अक्टूबर से लेकर 23 अक्टूबर तक हर शक्ति केंद्रों पर बैठक के लिए भी चर्चा की गई। इस बैठक में जिले के पदाधिकारियों को लगाया गया है जिससे कि बैठक को सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके। अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज ने किया। मंडल प्रभारी कुंवर मृगेंद्र सिंह ने सफलता के मंत्र बताए ब्लाक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन मंडल के महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने किया। विधानसभा विस्तारक विकास राय जी ने भी वृत्त लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक तिवारी, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, राजधर द्विवेदी, बजरंग सिंह, जय प्रकाश दुबे, अनिरुद्ध सिंह पटेल, रमेश कुमार द्विवेदी, राजकुमार जयसवाल, शंकरलाल, सुमन पांडे, राम शुक्ला, अतुल कुमार मिश्र, अनिल कुमार पटेल, महेश सिंह, राजेश कुमार सरोज, संतोष सिंह, नरेंद्र कुशवाहा, मुकेश दुबे, मोहम्मद नसीम, शकुंतला शुक्ला, विजय लक्ष्मी सिंह चंदेल, सीमा गौतम, प्रसिद्ध नारायण पांडे, शंकरलाल व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### रक्तदान कर कांस्टेबल बलराम यादव ने बचाई युवती की जान



**प्रयागराज।** चोर-उचक्कों और बदमाशों से सुरक्षा करने वाली पुलिस खून देकर जान भी बचाती है। इसे साबित किया प्रयागराज पुलिस के सोशल मीडिया सेल ने। सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट को संज्ञान में लेते हुए सोशल मीडिया सेल में कार्यरत कांस्टेबल बलराम यादव ने एसआरएन अस्पताल पहुंचकर रक्त दान दिया। जानकारी के मुताबिक जौनपुर जनपद के बिछवट की रहने वाली अंजली (20) पुत्री विजय यादव की तबियत खराब चल रही है। जौनपुर में काफी इलाज के बाद भी फायदा नहीं होने पर परिजन एसआरएन हास्पिटल पहुंचे। पिछले पांच दिन से एसआरएन हास्पिटल में इलाजरत अंजली को खून की आद्दवश्यकता थी। डाक्टरों ने परिजनों से खून का इंतजाम करने के लिए कहा। गैरजनपद से आए परिजनों ने खून के लिए प्रयास किया। बात नहीं बनने पर सोशल मीडिया सेल पर पीड़ा बयां की। अंजली को खून संबंधी जरूरत वाली पोस्ट वायरल होते हुए प्रयागराज पुलिस की सोशल मीडिया सेल तक पहुंच गई। इसके बाद सोशल मीडिया सेल के प्रभारी ने तत्काल अंजली के परिजनों से संपर्क साधा और जानकारी पुख्ता होने के बाद सोशल मीडिया में ही कार्यरत कांस्टेबल बलराम यादव ने अस्पताल जाकर रक्तदान कर अंजली की जान बचाई। मुसीबत के समय पहुंचे बलराम यादव को देख बीमार अंजली के परिजनों का हौसला बढ़ गया। परिजनों ने बलराम यादव के प्रति आभार प्रकट किया।

### 20 किलो गौ मांस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार




**हंडिया।** हंडिया पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हासिल हुई जब पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कोल्ड स्टोर कस्बा हण्डिया से मोहम्मद चांद पुत्र असलम खान निवासी असवा दाउदपुर थाना हडिया व मोहम्मद इरफान पुत्र अब्दुल रशीद निवासी ग्राम असवा दाउदपुर हण्डिया को गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर एक बोरी में 20 किग्रा गौ मांस बरामद हुआ। तथा साथ में एक मोटरसाइकिल भी बरामद हुई। पुलिस ने पकड़े हुए दोनों व्यक्तियों पर गोवध निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर मोटरसाइकिल को 207 एमवी एक्ट में सीज कर चालान कर दिया। गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक अतुल सिंह सिपाही हरिशंकर रावत अमित कुमार यादव विवेक यादव देवेंद्र यादव रहे।

### 15 पेटी देसी अवैध शराब के साथ 3 को किया गिरफ्तार




**हंडिया।** हंडिया पुलिस व एसओजी टीम को उस समय बड़ी सफलता हासिल हुई जब मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए संतोष यादव पुत्र समरजीत यादव निवासी मचखे थाना जलालपुर जौनपुर,दिलीप जायसवाल पुत्र राम आधार निवासी इमामगंज थाना हंडिया व विजय कुमार उर्फ जज्जे सिंह पुत्र हीरा सिंह निवासी मछली पट्टी थाना चील्हे जनपद मिजार्पुर को चेकिंग के दौरान पुलिस ने क्वालिस गाड़ी सहित पकड़ लिया। वही चार पहिया वाहन की तलाशी लेने पर 15 पेटी देसी शराब 90 पैकिंग ढक्कन,80 क्यूआर बारकोड बरामद हुआ। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर बरामद क्वालिस वाहन को सीज कर दिया। वही गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को न्यायालय के लिए चालान कर दिया।इस बड़ी कार्यवाही से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

### दो मोबाइल लुटेरे गिरफ्तार, माल बरामद



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने दो मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल, नगदी और एक बाइक भी बरामद हुई है। यह गिरफ्तारी शंकरगढ़ कस्बे के सेननगर तिराहे से की गई है। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया बदमाशों की धरपकड़ के दौरान मुखबिर के जरिए दो बदमाशों की लोकेशन मिली। अपराध संख्या 327-21, धारा 394, 504, 506 के वांछितों की पुख्ता जानकारी मिलने के बाद थाने की पुलिस टीम ने दोनों लुटेरों को कस्बे के सेननगर तिराहे से धर दबोचा।दोनों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल, नगदी और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। एसओ ने बताया कि गिरफ्त में आए आदर्श सिंह उर्फ चंचल सिंह पुत्र बृजेश कुमार सिंह (मोदीनगर, शंकरगढ़) और विपेंद्र सैनी उर्फ बादल सैनी पुत्र दादन प्रसाद सैनी (मोदीनगर, शंकरगढ़) के पास बरामद हुई मोटरसाइकिल घटना में इस्तेमाल की गई थी। दोनों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई ऋतुराज सिंह, कांस्टेबल अर्जुन यादव, इंद्रजीत कुशवाहा आदि शामिल रहे।

### प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष बनें आशीष पांडेय



**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत लखरांवा से निर्वाचित युवा प्रधान आशीष पांडेय को उत्तर प्रदेश प्रधान संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष डी पी सिंह ने प्रयागराज जिला संगठन की मजबूती के लिए आशीष पांडेय प्रधान लखरावा विकास खंड करछना को जिला संगठन के अध्यक्ष पद मनोनीत किया है । आशीष पांडेय को प्रयागराज प्रधान संगठन का जिला अध्यक्ष बनने पर विकास खंड करछना के प्रधानो में बंदना प्रधान वीरपुर ,प्रधान कटका पवन कुमार, सुनील कुमार कैथी, परमानंद मौर्य खजुरी, गुडिया देवी प्रधान केचुहा सहित जन प्रतिनिधिओ व प्रधान संघ करछना के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनायें दी है ।

### अनेकता में एकता ही हमारी असली पूंजी :अनिल विश्वकर्मा

**जसरा।** विश्व के पटल पर भारत की संस्कृति, सदाचार एवम आपसी सदभाव देश के समस्त नागरिकों को गौरवान्वित करती हैं।भारतीय गणराज्य में विभिन्न जातियों, धर्मों, भाषाओं यहाँ तक खान पान में भी काफी विषमता हैं किन्तु इसके उलट देश की अखण्डता, एकता एवम आपसी भाईचारे के मामले में देश के सम्पूर्ण लोग एकता के सूत्र में बंध जाते हैं । उक्त बातें कमला स्मारक इंटर कालेज के प्रबंधक श्री अनिल विश्वकर्मा ने आज ईद- ए -मिलाद पर्व के दौरान वर्चुअल बैठक में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में कह रहें थे। त्यौहारों का बेशक आनंद लें किन्तु कोविड गाइड लाइन को ध्यान में रखते हुए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती अलका विश्वकर्मा ने भी बतौर विशिष्ट वक्ता के रूप में भारतीय त्योहारों एवम मनाने के तरीकों पर जानकारी देते हुए बोलीं कि प्रत्येक त्योहारों पर असहाय एवम जरूरतमंद लोगों के मदद करने त्यौहार मनाने की खुशियों में वृद्धि होनें के साथ आत्मिक सुकून प्राप्त होता है और असल में यही सच्ची मानवता भी हैं। इस अवसर पर जसरा, गौहनिया, करमा, घूरपुर इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों के लोग वर्चुअल बैठक में सहभागिता प्रदान किये।

# धूमधाम से मनाया गया बारावफात का पर्व

**उतरांव के कहरा गांव में जुलूस निकाल कर मनाया जश्न, मोहम्मद साहब के याद में पढ़ा गया नज्म, मोहम्मद साहब थे बेमिसाल, मोहम्मद साहब के शान व तारीफ के नहीं है कोई अल्फाज**

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** थाना क्षेत्र के कहारा गांव में धूमधाम से 12 वफात का पर हो मनाया गया वही उक्त गांव के मुस्लिम समाज जुलूस निकालकर इस्लाम धर्म के गुरु मोहम्मद साहब का मनाते हुए जश्न मनाया बता दें कि इस्लाम धर्म के गुरु मोहम्मद साहब के जन्मदिन के पर्व पर उक्त गांव में जुलूस में जनपद प्रयागराज के कई शायर ने मोहम्मद साहब की शान व याद में नज्म पढ़कर याद किया वही जुलूस में उपस्थित मौलाना ने अपने बयान में कहा कि इस्लाम धर्म के गुरु मोहम्मद साहब का कोई मिसाल नहीं है आप बेमिसाल थे और आगे कहा कि हमारे नबी मोहम्मद साहब शान वाह तारीफ करने के कोई अल्फाज नहीं है वही ग्राम प्रधान कहारा विपिन कुमार सिंह जुलूस में शिरकत कर कहां की सारे धर्मों का सम्मान करना चाहिए मोहम्मद साहब का जन्म पूरे देश के मुस्लिम समाज द्वारा मनाया जा रहा है जिससे आज का दिन बहुत ही खुशी का दिन है वही ग्राम प्रधान ने जुलूस में उपस्थित लोगों को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाएं इस मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



जुलूस निकालकर जश्न मनाते मुस्लिम समुदाय के लोग

## मोहम्मद पूरी दुनियां के लिए हैं आदर्श : मौलाना शरफुद्दीन रिजवी

**जश्ने ईद मिलादुन्नबी मनाई गई**

**कोरांव।** इस्लाम धर्म के संस्थापक ईश्वर दूत पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन (विलादत) इस्लामिक महीना की 12 तारीख रबीउल अव्वल के शुभ अवसर पर पैगम्बर मोहम्मद के अनुयाइयों बड़ी संख्या में मुसलमानों ने जश्न-ईद मिलादुन्नबी बड़े ही धूमधाम से अपने घरों को झालरों दीपों आदि की रोशनी से सजाकर मिलाद के रूप में जलसा आयोजित कर मनाया, पैगम्बर साहब के नाम पर फातेहा खानी कर सिरनी, फल, फूल, खीर बांट कर लंगर किए गए। जश्न ईद मिलादुन्नबी की महफिल सजाई गई, जलसे आयोजित किये गए। कस्बा कोरांव नई मस्जिद मांडा वाली के इमाम हजरत मौलाना शरफुद्दीन रिजवी ने पैगम्बर साहब के नाम पर उनके सीरत का बयान किया और उनके हालत ए जिंदगी पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि मोहम्मद साहब दुनिया के लिए आदर्श हैं पूरी दुनियां को मोहब्बत, भाईचारे,अमन और इंसानियत का पैगाम दिया और जो लोग सही रास्ते पर यानी मोहम्मद साहब के मार्ग पर चलते हैं वे ही सच्चे मुसलमान कहलाते हैं। इस मौके पर कस्बा में एवं क्षेत्र के कस्बा कोरांव, महुली, कोसफरा, अल्हवा, बड़ोखर, पैतिहा, अमिलिया, देवघाट, खीरी, संसारपुर, कपूरी, छडिगड़ा, कोलरिहा, टीकर, सेमरिहा, समेत विभिन्न गांवों, घरों में नजरो नियाज पर कुल पंज आयात पढ़कर बतौर उसे तबर्रुक बांटा गया। जगह-जगह लोगों ने सलातो सलाम पढ़कर एक-दूसरे से खुशी का इजहार किया। जलसों के आखिर में मुल्क ओ मिल्लत में अमन, खुशहाली और तरक्की के लिए सामूहिक दुआएं भी की गई। क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी मुस्लिमों को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद पेश की।

# सन्तो से मिलन के लिए हरिकृपा जरूरी : विनोदानन्द जी

## महोत्सव के दूसरे दिन युवा लोककलाकारों ने बांधी समां,प्रवाचको ने प्रवाहित की ज्ञान गंगा

अखंड भारत संदेश




राम कथा का रसास्वादन कराते विनोदानन्द व सम्मानित हुए लोक कलाकार

**करछना।** रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कालेज के परिसर में आयोजित 24वें पांच दिवसीय जमुनापार महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को युवा लोककलाकारों ने संस्कार गीतों द्वारा समां बांधी तो वही प्रवाचकों ने श्रोताओं को रामकथा और भागवत कथा का रसपान कराया।प्रयागपीठ के स्वामी विनोदानंद जी महाराज ने संत्सग को प्रथम भक्ति बताते हुए कहा के बिनु हरि कृपा मिलहिं नहि संता जैसी मानस की चौपाइयों के माध्यम से संत्सग के लिए संतो को मिलने और संतो से मिलन हेतु हरि कृपा का होना जरूरी बताया।स्वामी जी ने कहा कि भगवान के अंनत रूप है,जिस रूप में आगाध भक्ति समाहित हो जाती है मनुष्य को वही स्वरूप प्राप्त हो जाता है। मानस प्रवाचिका साक्षी देवी ने भी विवेक के लिए संत्सग को सरल मार्ग बताते हुए कहा कि बिनु संत्सग विवेक न होई।आचार्य गोपाल जी महाराज ने भागवत कथा के माध्यम से सुदामा कृष्ण के अगाध प्रेम की व्याख्या करते हुए प्रभु को प्राप्त करने प्रेम मार्ग अपनाने पर जोर दिया तो वही आचार्य पंकज जी महाराज ने जौने छन हरि जस करहिं,तौने छन तस होइ जैसी चौपाइयों की व्याख्या करते हुए भगवान की महिमा का गुणगान किया।इसके पूर्व जमुनापार के युवा लोककलाकार सत्यवान,कृष्ण कुमार सत्यार्थी,गुरूदेव राय,बृजेश तिवारी,अनुपम कोटार्य,नरेन्द्र जौहरी आदि ने विदाई गीत, नोह छू, उप नयनगीत,मुंड़नगीत और सोहर जैसे संस्कार गीतों की प्रस्तुतियों पर खूब समां बांधी।प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने मंच पर सभी कलाकारों को अंगवस्त्रम और प्रस्सति पत्र देकर सम्मानित किया।महोत्सव के संयोजक डॉ.भगवत पाण्डेय ने कहा कि नई प्रतिभाओं को महोत्सव मंच तक लाना और उनके हूनर को सम्मान देना हमारी परंपरा रही है।हमारे लोक कलाकार,कवि,समाज के पथ प्रदर्शक है।उन्होने प्रवाचकों का स्वागत मा?ार्पण करते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया।प्रथम सत्र का संचालन हास्य कवि अशोक बेशरम और द्वितीय सत्र का संचालन गीतकार राजेन्द्र शुक्ल ने किया। इस मौके पर शहीद पत्नी मंजू तिवारी, फूलचन्द्र दुबे, प्रकाश प्रचंड़, राजेन्द्र तिवारी दुकान जी,विश्वेष ओझा, राजेश शुक्ला, गोलू चौरसिया,वीरेन्द्र कुसुमाकर, जितेन्द्र शाडिल्य जी महाराज, रमाकांत विश्वकर्मा, रोशन लाल प्रजापति समेत बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

## मनरेगा योजनाओं का लाभ उठाएं लाभार्थी

**सहसों।** सोशल ऑडिट जनसुनवाई एवं जागरूकता अभियान के तहत विकास खण्ड सहसों में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर ब्लाक प्रमुख गीता सिंह की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें योजना पर चर्चा के दौरान प्रमुख गीता सिंह ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर पात्र लाभार्थी सरकार द्वारा चलाई जा रही मनरेगा योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थी उठा सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित जिला सोशल ऑडिट कोऑडिटर अनुज सिंह ने कहा सोशल ऑडिट टीम के लोगों को मनरेगा से खेत की मेड़ बंदी, संपर्क मार्ग, तालाब की खुदाई, आवास के मिल रहे पारश्रमिक मजदूरी से संबंधित जानकारी के साथ पात्र लाभार्थी तक अवश्य पहुंचाएं। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर सोशल ऑडिट टीम को मनरेगा से संबंधित सोशल ऑडिट की बिभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के बिंदुओं पर चर्चा करते हुए जानकारी दी। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , एडीओ आई एस बी बाल गोविंद पटेल, सोनू सिन्हा, बृजेश पांडे, एवं सचिव समूह की महिलाएं सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




सोशल ऑडिट जनसुनवाई जागरूकता अभियान को संबोधित करते जिला कोआर्डिनेटर।



पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

## पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**करछना।** भारतीय युवक राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास के आदेश पर भारत के सारे जिलों इस कार्यक्रम का आयोज जिला अध्यक्ष सूरज शुक्ला के नेतृत्व में रामपुर पेट्रोल पंप यूथ कांग्रेस के लोगों ने एकत्रित होकर इस कार्यक्रम को किया कार्यक्रम के संबोधन में जिला अध्यक्ष सूर्य शुक्ला ने कहा वर्तमान समय में सरकार इस समय यूपी गवर्नमेंट ?50 डीजल ?70 पेट्रोल और 400 से 500 के बीच में जब गैस सिलेंडर हुआ करता था तो पूरे भारत में बीजेपी ने इसका पुरजोर विरोध किया आज ?1000 सिलेंडर ?100 के ऊपर पेट्रोल ?100 के ऊपर डीजल है सरकार एकदम चुप है यूथ कांग्रेस के लोगों ने एनडीए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर ग्राहकों को जागरूक किया और बताया इस सरकार में महंगाई कितनी बड़ी हुई है कार्यक्रम में उपस्थित लोग सूरज शुक्ला आदि रहे।

# एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाएं : सांसद कान्ता

अखंड भारत संदेश



अनुसूचित मोर्चा जिला सम्मेलन को संबोधित करती मुख्य अतिथि सांसदकान्ता कर्दम।

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित मोर्चा का गंगापार जिले का सम्मेलन मंगलवार को सुखदेव सिंह महाविद्यालय कसेरूआ कलां में मोर्चा के अध्यक्ष आशीष पासी की अध्यक्षता में किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद कान्ता कर्दम ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने बहू बेटियों के सम्मान एवं सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने कहा कि गरीब व छोटी जातियों के लिए आवास योजना, शौचालय, उज्ज्वला योजना तथा सौभाग्यवती योजना चलाकर उनका सम्मान तथा जीवन स्तर में अपेक्षित बदलाव लाया है। उन्होंने कहा एक एक बच्चा शिक्षित बनेगा तभी देश का विकास होगा। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं से कहा वे गांव में सभी बस्तियों में जाकर परिवार के एक एक व्यक्ति को जागरूक करें। उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी दें तथा जो बच्चे घर पर हैं पढ़ाई के लिए नहीं जा रहे हैं उन्हें प्रेरित कर स्कूल भेजने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कार्यकताओं को सलाह दी कि वह पूरी धरती मां के लिए कार्य कर रहे हैं।इसलिए एकजुट होकर पार्टी तथा संगठन को मजबूत बनाएं एवं आने वाले 2022 में पार्टी को पूर्ण बहुमत से अधिक सीटे प्राप्त कर सरकार बनाने मे मेहनत से जुट जाय। क्योंकि सरकार बनाने की जिम्मेदारी आपके कंधों पर ही है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि मतदाता सूची का अवलोकन करके छूटे हुए नाम को तथा नए युवा मतदाता को जोड़ें इसके साथ उन्हें केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए पार्टी का सदस्य बनाए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि सहित उपस्थित सभी अतिथियों का मोर्चा के अध्यक्ष आशीष पासी ने माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। सम्मेलन में विजयलक्ष्मी सिंह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, मनोज पासी प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, जिला अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, ब्लाक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष नरसिंह आदि लोगों ने अपने संबोधन में कहा भारतीय जनता पार्टी मे ही हर वर्ग का विकास एवं सम्मान का सुरक्षित है। कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार शुक्ला ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज, महामंत्री संजय सिंह, बृजेश कुमार त्रिपाठी, राजधर द्विवेदी, रमेश कुमार द्विवेदी, चंद्रेश केसरवानी, राजेंद्र यादव, नरेंद्र कुशवाहा सहित अनुसूचित मोर्चा गंगापार जिले के भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

### नगर निगम कार्यकारिणी के सात सदस्यों का चुनाव 26 को

**प्रयागराज।** नगर निगम कार्यकारिणी के सात सदस्यों का चुनाव 26 अक्तूबर को होगा। महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने सचिव परिषद पीके मिश्रा के साथ बैठक के बाद चुनाव की तारीख तय कर दी।कार्यकारिणी के छह सदस्य मोहम्मद आजम, कमलेश तिवारी, अल्पना निषाद, नंदलाल, जगमोहन और अमरजीत सिंह का कार्यकाल अगस्त में समाप्त हो गया। भाजपा से पहली बार कार्यकारिणी सदस्य बने रोहित मालवीय की कोरोना की दूसरी लहर में मृत्यु हो गई थी। सात सदस्यों के चुनाव के बाद 12 सदस्यीय कार्यकारिणी के समक्ष पुनरीक्षित बजट रखा जाएगा। कार्यकारिणी से पास होने के बाद बजट सदन में पेश किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार सात नए सदस्यों के शपथ लेने के बाद पुनरीक्षित बजट के कार्यकारिणी बैठक की तारीख तय होगी।

# महापौर ने किया घर-घर दस्तक अभियान का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**घर-घर दस्तक देगी स्वास्थ्यकर्मियों की टीम, 17 नवंबर तक चलेगा अभियान**


हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करती महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी।

**प्रयागराज।** मंगलवार को विशेष संचारी रोग नियत्रंण अभियान का शुभारंभ हुआ। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने हरी झंडी दिखाकर इस अभियान का श्रीगणेश किया। 17 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य जनपद में संचारी रोगों के संक्रमण पर नियंत्रण एवं लोगों को जागरूक करना है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के संयुक्त प्रयास से कर्मचारियों ने संचारी रोग जागरूकता के लिए अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क से हिन्दू छात्रावास तक पैदल मार्च कर रैली निकाली।

**बोलीं महापौर, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत**

महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने कहा कि मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण पाने के लिए सरकारी विभागों के साथ-साथ जनता में भी सजगता की बहुत जरूरत है। कुछ लोगों द्वारा अपने घरों से निकलने वाले कूड़े का उचित निस्तारण न करना संचारी रोगों को बढ़ाने में सहायक होता है। अभियान को सफल बनाने को स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य सभी विभागों को शासन की ओर से हर संभव मदद दी जाएगी।

**घर-घर देंगे दस्तक, खोजे मरीज : सीएमओ**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नानक सरन ने बताया कि शासन से मिले हुए दिशा निदेर्शों पर हम सजगता से काम करेंगे। स्वास्थ्य विभाग की टीमें व फ्रन्ट लाइन वर्कर्स (आशा एवं आंगनबाड़ी) घर-घर दस्तक देकर बुखार, खांसी, आईएलआई (इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस), टीबी, कोरोना आदि बीमारियों के संभावित मरीजों को चिह्नित करेंगी। इसके साथ ही वह कुपोषित बच्चों का सर्वे कर इसकी सूचना विभाग को देंगी। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह बीमार लोगों को सुलभ इलाज मुहैया कराएं, संबंधित निरीक्षक नियमित रूप से अभियान की समीक्षा करेंगे।

**4452 टीमों को दिया गया है दायित्व**

जिला मलेरिया अधिकारी आनंद सिंह ने बताया कि हमारा पहला प्रयास जनता को जागरूक करना है। जागरूकता से ही संचारी रोग नियंत्रण संभव है। मच्छर जनित स्थलों को लगातार चिह्नित कर एंटी लार्वा कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है ताकि मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रो में 4196, एवं शहरी क्षेत्रो में 256 टीम गठित की गयी हैं जो अभियान के तहत कार्य करेंगी ' इसमें मुख्य भूमिका के तौर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास, पंचायती राज / ग्राम्य विकास, पशु पालन, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, समाज कल्याण, कृषि एवं सिंचाई, तथा सूचना विभाग शामिल हैं। इन विभागों को जिम्मेदारी दी गई है कि वह संचारी रोगों की रोकथाम में मदद करें।

## राम को वन जाते देख व्याकुल हुए नेदुला गांव के निवासी



**जंघई।** आदर्श रामलीला समिति केवलापुर नेदुला की ऐतिहासिक रामलीला मे रामवनगमन का मंचन हुआ इसके पूर्व जहाँ एक तरफ पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी चल रही थी तो दूसरी तरफ मंथरा ने माता कैकेयी के पास जाकर राजा दशरथ द्वारा दिये गये दोनो वचनों को याद कराते हुए राम को चौदह वर्ष के बनवास एवं भरत को राजगद्दी मांग देने के लिए प्रेरित करती है। जिसके बाद कैकेयी राजा दशरथ से संवाद करते हुए दोनों वर माँगती है दशरथ कहते है हे कैकेयी तुमने तो हमारे शरीर के प्राण माँग कर हमे निर्जीव कर दिया राजा दशरथ अपने दोनों वचनों को पूरा करते है राम पिता के वचनों को सहर्ष स्वीकार करते हुए वन को चल देते है राम सीता लक्ष्मण के वन जाते ही महाराज दशरथ पुत्र वियोग मे प्राण त्याग देते है।सोमवार की रामलीला वनगमन, केवट संवाद, सीता हरण, बालि बध, लंका दहन पर समाप्त हुई।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कुशलेश दुबे एडवोकेट, डायरेक्टर श्याम जी श्रीवास्तव, सह डायरेक्टर साहबलाल श्रीवास्तव, मनोज दुबे, ब्रह्मराज दुबे, आशीष मिश्रा, अंकित मिश्रा, मुन्ना लाल शर्मा, संतोष शर्मा, अवनीश श्रीवास्तव, वृजमोहन यादव, सोहनलाल यादव, परदेशी यादव, घनश्याम दुबे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### खखैचा की रामलीला में शिव धनुष को भगवान श्रीराम ने तोड़ा

**जंघई।** आदर्श छात्र संघ रामलीला समिति गहरपुर खखैचा की रामलीला के तृतीय सोपान में फुलवारी से लेकर धनुषयज्ञ तक की रामलीला का मंचन किया गया।जिसमे रावण बाणासुर संवाद, परशुराम लक्ष्मण संवाद, मोटेराजा का मंचन हुआ। रामलीला मे धनुष यज्ञ लीला मंचन में श्रीराम के घनुष तोड़ते ही सीता ने उन्हें वरमाला पहनाई तो मौजूद दर्शकों की तालियां गूंज उठी।सीता स्वयंवर में श्रीराम ने धनुष तोड़ा वरमाला के बाद उनके विवाह की तिथि की घोषणा की गई। शिव धनुष भंग की जानकारी होने पर परशुराम जनकपुरी पहुंचे विश्वामित्र ने उनके क्रोध को शांत कराते हुए कहा प्रभु आपके किसी भक्त ने ही धनुष तोड़ा होगा। क्रोधित परशुराम ने कहा धनुष भंग करने वाले का नाम बताओ ने नहीं तो कोई नहीं बचेगा। इसके बाद परशुराम और लक्ष्मण संवाद हुआ। आखिरी में परशुराम को जब पता कि यह मानव नहीं स्वयं नारायण है तो वह दीर्घायु का आशीर्वाद देकर चले गए। इस अवसर पर रामलीला के निर्देशक फूलचन्द्र उपाध्याय, दिनेश तिवारी, त्रिशूली नाथ दुबे अध्यक्ष, विजयनाथ तिवारी, राहुल दुबे, मुख्य अतिथि मनोज पाठक, आशुतोष तिवारी महामंत्री, सुनील यादव, विवेक उपाध्याय, संजय गुप्ता, अमन, अभिषेक, दिलीप, कृष्णधर तिवारी व्यास, जज्जे तिवारी, लालचन्द्र यादव पूर्व प्रधान, मिठाईलाल सरोज प्रधान, अरविंद दत्त उपाध्याय, नितिन मिश्र, शिवशंकर दुबे, कृष्णलाल तिवारी, रोहित पटेल, माधव प्रसाद दुबे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### विश्व कल्याणार्थ हेतु श्री राजराजेश्वरी महाशक्ति पीठ द्वारा श्रीमद् सहस्त्र चण्डी महायज्ञ का आयोजन



**धनूपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीमद् जगत गुरु रामानुजाचार्य स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य जी महाराज के सानिध्य में विश्व कल्याणार्थ हेतु श्री राजराजेश्वरी महाशक्ति पीठ चक्रसुदर्शनपुरी धनूपुर प्रांगण में श्रीमद् सहस्त्र चण्डी महायज्ञ का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम में कलश यात्रा एवं पंचाग पूजन यज्ञ प्रारंभ 25 अक्टूबर तथा समापन एवं भंडारा 2 नवंबर को होगा।कथावाचक नृसिंह आश्रम दारागंज प्रयागराज के स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज होगें एवं आचार्य अशोक कुमार शुक्ल, आचार्य आद्या प्रसाद तिवारी यज्ञाचार्य होगें तथा उपाचार्य मदन गोपाल मिश्रा, आचार्य अंबुज द्विवेदी होगें। प्रमुख सहयोगियों में आशाराम शुक्ल, मानस भास्कर अनुज महाराज, विवेक शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, हर्षहर्षवर्धन शुक्ल, उत्कर्ष शुक्ल, लोलारक मिश्रा, दीपक शुक्ल, नीरज शुक्ल आदि लोग महायज्ञ की तैयारियों में लगे हुए हैं।



नष्ट होती धान की फसल : इस तरह से ध'ान के खेत में भरा पानी पकी फसलों पर नहर के पानी ने बर्बाद कर दिया।

### शाहजहांपुर में वकील की हत्या के विरोध में हाईकोर्ट के वकील नहीं करेंगे काम

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकील शाहजहांपुर अदालत में अधिवक्ता की हत्या के विरोध में 20 अक्टूबर को न्यायिक काम नहीं करेगे। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की एल्डर कमेटी ने उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर हाईकोर्ट में बुधवार को न्यायिक काम का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। वकीलों की मांग है कि अधिवक्ता सुरक्षा कानून जल्द बनाया जाए। वहीं, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की एल्डर कमेटी ने इस आशय का प्रस्ताव पारित किया है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की एल्डर कमेटी ने मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध किया है कि अधिवक्ताओं की कोर्ट में बुधवार को गैर मौजूदगी के कारण उनके मुकदमों में कोई प्रतिकूल आदेश पारित न किया जाए। मालूम हो कि शाहजहांपुर जिला अदालत में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्या से कोर्ट परिसर की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उ प्र बार काउंसिल ने आपात बैठक कर घटना की निंदा की है और वकीलों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। प्रदेश के वकीलों की शीर्ष संस्था बार काउंसिल ने घटना को लेकर प्रदेश के वकीलों से प्रदेश व्यापी विरोध कर न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया है।

# करछना में नहर का रौद्र रूप देखकर सहमें किसान

अखंड भारत संदेस

**खेतों में धान की पकी फसलों को नहर का पानी कहर बरपा रहा है**

**करछना।** तहसील क्षेत्र के गांवो में बोई गई किसानों की धान की फसल लगभग पक कर तैयार है, अक्सर बोई गई फसलो की कटाई भी शुरू कर दिए हैं किसान ।इन दिनों करछना राजबहा में छमता से अधिक पानी छोड़ दिए जाने नहर ओवर होकर जगह-जगह टूट कर खेत खलिहानों सहित गांवो में पानी प्रवेश कर गया है । बीते चौबीस घंटों के उपरांत करछना, पूराधिसन गांव, करेहा, फत्तेपुर, थरी, मोगलहा, भरहा, तरौल, तेवरिया, बेंदो, अमिलो आदि गांवो के किसानों की सैकड़ों एकड जमीन पर बोई गई धान की फसल नहर के पानी के रौद्र रूप से डूब गयी है ।किसानों ने फसल की बबार्दी को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को फोन करके शिकायतें दर्ज कराने का प्रयास किया लेकिन कोई भी अधिकारी फोन उठाने की जहमत नहीं उठाई । किसानों का आरोप है कि धान की फसल का कटाई का सत्र चल रहा है और उपर से प्रकृति का पानी कहर बरपा रहा है ।सिंचाई का सीजन खत्म हैं उसके बावजूद नहर में ओवर छमता से अधिक पानी छोड़ दिए जाने से किसानों की लाखों रुपए की फसलों को क्षति पहुंचाने का कार्य नहर विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है । क्षेत्र के किसान एवं प्रधान पूराघीषन हंसराज सिंह सहित बड़ी संख्या में किसानों ने तत्काल करछना राजबहा में छोडा गया पानी बंद किए जाने की मांग की है।

# शागरिका कैपिटल, ने लोक कलाकार कवि वेदानन्द वेद को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश



**करछना।** तहसील डेज मेडिकल औद्योगिक क्षेत्र के नारायण अपार्टमेंट में सागरिका कैपिटल प्रा .लिमिटेड के उद्घाटन समारोह में गणपति भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन के तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में लोक कलाकार कवि वेदानन्द वेद ने अपनी पंक्तियों में लक्ष्मी बिना नहीं है चलता घर सुना संसार, सरस्वती के बिना जगत में है जीना बेकार' खूब तालियां बटोरी एवं हास्य व्यंग की पंक्तियां कुछ पावई के होई अगर तउ सबसे पहिले लंठ बन ' सरस्वती माई के सुमिर.. पंक्तियां खुब सराही गई सागरिका कैपिटल प्रा लि.के एम.डी.शशि शर्मा एवं साथमें रिलायंस हेल्थ से मनोज पांडेय ,फंड मैनेजर मनीष अहिरवार, क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय एक्सा प्रवीन शर्मा ,रवि शर्मा ने लोक कलाकार कवि वेदानन्द वेद को सम्मान पत्रदेते हुए प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किए यह सम्मान रचनात्मक कार्यों ,एवं स्वरचित कविताओं, कहानियों ,एवं लोक नाटयएवं लोक संस्कार पर शोध लेखन हेतु दिया गया शशि शर्मा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं साथ ही सागरिका कैपिटल के बारे में जानकारी देते हुए कहा वित्तीय क्षेत्रों में यहकंपनी कार्यरत है एक छत के नीचे फाइनेंसियल सारी सुविधाएं उपलब्ध है कंपनी 2010 से कार्य कर रही है जिसकी 1000 शाखाएं है पैन कार्ड सभी प्रकार के बीमा म्युचुअल फंड बैंकिंग सुविधाएं एवं लोन उपलब्ध है इस अवसर पर लोक गायक कलाकार एवं समाजसेवी शंकरलाल ,राम प्रसाद पटेल ,मनोज यादव कन्हैया मिश्रा ,पीएस सिन्हा, सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे प्रबंधक विष्णुनंद ने सब के प्रति आभार जताया ।

### ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से मारपीट कर छीन लिए नगदी

**घूरपुर।** गौहनिया भरे चौराहे पर नीली अपाचे सवार तीन बदमाशो ने एक ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को मारपीट कर जेब में रखे पांच हजार रुपए छीन भाग निकले। पीड़ित ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। सेमरा कल्बना गांव निवासी प्रिंस जायसवाल घूरपुर थाना के सामने ग्रहाक सेवा केंद्र खोल रखा है। मंगलवार की सायंकाल चार बजे वह किसी काम से गौहनिया बाजार गया था। गौहनिया चौराहे पर प्रिंस खड़ा होकर किसी का इंतजार कर रहा था कि नीली अपाचे पर सवार तीन बदमाश पहुंचें कि ग्राहक केंद्र संचालक प्रिस को दबोच जेब में रखे रूपए छीनने लगे विरोध पर तीनों मारपीट कर जेब में रखे पांच हजार रूपए छीन भाग निकले। छीना झपटी मे संचालक का शर्ट भी पूरी तरह से फट गया। केंद्र संचालक ने आसपास के लोगों से पूछा तो एक बदमाश का नाम बताया जो अमरेहा का है। पीड़ित ने एक को नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# धूमधाम से निकला जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस, पुलिस रही तैनात

अखंड भारत संदेश


लालगोपालगंज में जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी का जुलूस निकालते अकीदतमंद।

**लालगोपालगंज में परंपरागत जुलूस निकालने पर रही पाबंदी**

**नात व मनकबत पढ़ते हुए अलग-अलग मोहल्लों से अकीदत व एहतेराम के साथ निकला जुलूस, प्रतापगढ़ जनपद की सीमावर्ती गांवों से आने वाले जुलूस को पुलिस ने रोका**

**लालगोपालगंज।** स्थानीय कस्बा में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। भारी भीड़ न जुटने के लिए सामूहिक जुलूस निकालने पर पाबंदी लगी होने से विभिन्न मोहल्लों से अलग-अलग जुलूस निकाले गए। अलम के साथ नारा-ए-तकबीर, अल्लाह-हू-अकबर के गगनभेदी नारे लगाते हुए अकीदतमंदों ने मोहल्ला में गश्त किया। देर शाम अमन व शांति के साथ त्योहार संपन्न हुआ। 12 रबी-उल-अव्वल के अवसर पर मंगलवार को हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया गया। कस्बा समेत आसपास के दर्जनों गांव के सामूहिक जुलूस निकालने पर एसडीएम सोरांव अनिल चतुर्वेदी व क्षेत्राधिकारी सोरांव अमिता सिंह ने रोक लगाई थी। जिसके मद्देनजर मंगलवार को दोपहर बाद अलग-अलग मोहल्लों से अलग-अलग समय में जुलूस निकाला गया। अकीदतमंदों ने नात व मनकबत पढ़ते हुए जहां मोहल्लों में गश्त किया। वहीं कुछ जुलूस मुख्य चौराहा से गुजरे। मोहम्मद साहब के जो में पैदाइश पर खुशियों की मिठाइयां वितरित की गईं। जुलूस में नारा-ए-रेसालत, या रसूल अल्लाह के गगनभेदी नारे लगाए गए। परंपरा के अनुसार प्रतापगढ़ जनपद की सीमा के गांव से आने वाले जुलूस को कस्बा में आने से पुलिस ने मना कर दिया। मुख्य चौराहा समेत अलग-अलग मार्गों पर पुलिस तैनात रही। राजस्थानी चौकी प्रभारी मुन्ना सिंह कुशवाहा समेत पुलिस और पीएसी के जवान कस्बे का भ्रमण करते रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा मंडल शंकरगढ़ के कार्यकारणी की बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश



भाजपा युवा मोर्चा मंडल शंकरगढ़ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता परिचय बैठक

**शंकरगढ़।** सोमवार को भाजपा युवा मोर्चा मंडल शंकरगढ यमुनापार के पदाधिकारियों एवम कार्यकताओं का परिचय बैठक कार्यक्रम पंचबंधु पब्लिक स्कूल में किया गया। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा यमुनापार के जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडेय व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शंकरगढ़ संदीप सिंह ने मंडल के युवा मोर्चा के पदाधिकारियों कार्यकताओं की सूची जारी कर 13 पदाधिकारी, 7 सदस्य व मंडल अध्यक्ष सहित 21 की कार्यकारणी गठित की गई।इससे पूर्व कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ल, मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा जिलामंत्री महेंद्र सिंह पटेल, बैठक का संचालन युवा मोर्चा मंडल महामंत्री आशीष मिश्रा ने किया।बैठक में कार्यकताओं को माला एवं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित कर उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहां कि संगठन विस्तार एवम विधानसभा चुनाव को लेकर सभी लोगों को एक जुट होकर निस्वार्थ भाव से संगठन में कार्य करना होगा, क्योंकि विधानसभा चुनाव में आपकी अहम जिम्मेदारी है, आपको ही मोदी और योगी सरकार की उपलब्धियों एवम उनके द्वारा किए कार्यों को जन जन तक पहुंचाना है। साथ ही सेक्टर संयोजक और बूथ अध्यक्ष की गठन की प्रक्रिया में चर्चा हुई। मंडल टीम के पदाधिकारियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडेय का आभार जताते हुए दायित्व का निर्वहन का भरोसा दिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल, पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष रत्नाकर सिंह, शनी, युवा मोर्चा मंडल के भास्कर त्रिपाठी, दिलेस्वर सिंह, विशाल केसरवानी, हितेश कुमार भारतीय, विनय कुमार शुक्ला, ज्ञानबाबू, राहुल सिंह, उमेश कुमार, अभिषेक मिश्रा, किंगराज, सुनील कुमार, सत्यम गिहार, सत्यम सिंह पटेल, अनुराग त्रिपाठी, रीता वर्मा, शीला देवी, विष्णु, पवन कुमार पाल आदि लोग शामिल थे।


शुआट्स एनएसएस ने साइकिल रैली का किया स्वागत

# शुआट्स एनएसएस ने किया साइकिल रैली का स्वागत

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने डॉ. बाला लखिंदर के नेतृत्व में बीएचयू, वाराणसी के स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित साइकिल यात्रा का शुआट्स कैम्पस में स्वागत किया, यह यात्रा, युवाओं / छात्रों को अमर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के बारे में जागरूक करने के लिए आयोजित की गई है। एनएसएस समन्वयक डॉ. रोहित लाल ने विश्वविद्यालय परिसर में साइकिल चालकों का स्वागत करते हुए कहा कि शुआट्स कुलपति मोस्ट रेव्ह. प्रो. राजेंद्र बी लाल के नेतृत्व में एवं प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. एस बी लाल, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो.ए.के.ए लॉरेंस तथा कुलसचिव प्रो रॉबिन एल प्रसाद के मार्गनिर्देशन में एनएसएस इकाई छात्रों के व्यक्तिगत विकास के लिए विश्वविद्यालय परिसर में एवं परिसर के बाहर कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न गतिविधियों में अथक योगदान दे रही है। डॉ. रोहित लाल ने बताया कि साइकिल चालक सोमवार की शाम को शुआट्स पहुंचे और मंगलवार की सुबह वे एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक बोस और सत्यम केशरी के साथ संगम के अरैल घाट, नैनी पहुंचे और 62 किलो प्लास्टिक और अन्य कचरा इकट्ठा किया। डॉ. रोहित लाल ने यह भी बताया कि साइकिल चालक 31 अक्टूबर 2021 को नई दिल्ली पहुंचेंगे और राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# जिले में शानो शौकत से निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

## श्रीराम तिराहे पर हुआ जलसे का आयोजन, जगह-जगह हुआ लंगर, सुरक्षा-व्यवस्था रही मुस्तैद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पैगंबर-ए-आजम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की विलादत (जन्मदिवस) का त्योहार ईद मिलादुन्नबी के रूप में मंगलवार को अकीदत के साथ मनाया गया। 12 रबीवल अव्वल शरीफ यानी ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुसलमानों के सिरों पर टोपियां व अमामा सजा नजर आया। साथ ही युवा केसरिया रंग के साफे और टोपी के साथ जुलूस में शामिल हुये और मोहब्बत, अमन व भाइचारे का संदेश दिया। इस दौरान जगह-जगह शहरों में चिरागा किया गया।

बारह रबीअव्वल को पल्टन बाजार स्थित अंजुमन गुलामाने रसूल गुलशने मदीना व अंजुमन कारिए-मिल्लत पल्टन बाजार द्वारा नाजिमे आला मौलाना मेराज अहमद हबीबी की अगुवाई में दोपहर दो बजे जुलूसे मोहम्मदी का जुलूस शानो शौकत से पल्टन बाजार से निकाला गया। यह



जुलूस टेढ़्जरी चैराहा, राजापाल टंकी, बकरा मण्डी, बेगम वार्ड, कपूर चैराहा, सिप्तैन रोड, जामा मस्जिद, चैक घंटाघर होते हुए जुलूस नसीर इलेक्ट्रिक श्रीराम तिराहा। यहां पर जुलूस जलसा में तब्दील हो गया। जलसे में मदरसे के प्रधानाचार्य मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी ने कहा कि इस्लाम के संस्थापक मोहम्मद सल्ल0 अलैह वसल्लम अल्लाह का संदेश देने के लिये इस धरती पर आए थे क्योंकि उस समय लोगों में शराबखोरी, जुआखोरी, लूटमार थी। ऐसे माहौल में हमारे नबी ने जन्म लेकर लोगों को अल्लाह का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमारे नबी ने इस्लाम के लिये बहुत सी कुर्बानियां दी हैं। लोगों से नेक राह पर चलने के लिये कहते थे और इंसानियत का पैगाम देते थे।

हमारे नबी की बातों से लोग उस वक्त बहुत मुतास्सिर हुआ करते थे। जलसे में मुफ्ती मोहम्मद सलीम मिस्बाही ने कहा कि मोहम्मद साहब 571 ईसवी में मक्के की सरजमीं पर तशरीफ लाए जिन्होंने इंसानियत का पैगाम दिया। बुराइत्यों व फितना को खत्म किया और लोगों को अमन व शांति का पैगाम दिया। इसके बाद जलूस श्रीराम तिराहा से निकलकर स्टेशन रोड, पुराना माल गोदाम, भंगवा चुंगी, बलीपुर होते हुए गुलशने मदीना, पल्टन बाजार में खत्म हुआ। जलसे में एजाज अहमद, मोहम्मद आजाद, मौलाना अनीस, मौलाना अख्तर, मौलाना इरशाद, रौशन अली, रेहान अहमद, मोहम्मद अयाज उर्फ मोनू, हाफिज मो0 दाऊद, मौलाना समीउल्ला, रिजवान अहमद, कदीम अहमद, मो0 फिरोज आदि लोग मौजूद रहे।

### बारावफात पर पट्टी नगर में निकाला गया जुलूस

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मंगलवार को बारावफात मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर पट्टी नगर में जुलूस निकाला गया। डीजे की धुन पर गाते मोहम्मद साहब के अनुयाई विभिन्न स्थानों पर जुलूस में शामिल हुए। पट्टी कोतवाली पुलिस इस दौरान मुस्तैद दिखाई दी और जगह-जगह जाम न लगे इसके लिए पट्टी नगर में जगह-जगह सुरक्षाकर्मी खड़े दिखाई दिए। यह जुलूस तुरकान गली से लेकर पूरे नगर में निकाला गया।

# आपसी बटवारे को लेकर हुई मारपीट

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के रायपुर समसपुर गांव में घरेलू कलह कलह को लेकर दो सगे भाई रामसेवक पटेल व संतोष कुमार पटेल पुत्र गण रामसजीवन में घर के बटवारे को लेकर गाली गलौज मारपीट के मामले में नवाबगज पुलिस ने संजू देबी पतनी संतोष कुमार व रामसेवक पटेल की तहरीर पर दोनों पक्षो के खिलाफ एन सी आर दर्ज किया।

## मधुमक्खी के हमले से महिला की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के महेशगंज थाना क्षेत्र के गोगहर उतरार गाव खेत की तरफ गयी राधेश्याम मौर्या की पतने को अचानक मधुमक्खी की झुंड ने हमला बोल दिया जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गई। जब तक परिजन लोग नजदीकी अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगे कि अचानक अधेड़ महिला ने दम तोड़ दिया। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई।

## अज्ञात वाहन की टककर से युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर कोतवाली क्षेत्र के शुकुलपुर गांव निवासी साइकिल सवार कल्लू वर्मा की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। इससे आक्रोशित परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। परिजन कार्यवाही और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन कर लिया गया आशीर्वाद

## जय मां दुर्गा पूजा समिति के भक्तों ने किया विसर्जन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जय माँ दुर्गा पूजा समिति श्री हनुमान मंदिर तालाब चिलबिला में स्थापित मां दुर्गा का विसर्जन किया गया। माँ के भक्तों ने पूजन अर्चन कर माँ को विदा कर आशीर्वाद लिए। इस दौरान कोरोना महामारी से निजात के लिये भी प्रार्थना की गई।

इस दौरान पंडाल के संचालक रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि यह पंडाल 1997 से माँ के भक्तों द्वारा सजाया जाता है। उसी तरह इस वर्ष भी माँ का भव्य पंडाल में माँ को स्थापित किया गया था। माँ के दर्शन को माँ के भक्तों की अपार भीड़ प्रतिदिन लग रही थी। रोशनलाल ने बताया कि इस पंडाल के संरक्षक भगवान भोले शंकर व अध्यक्ष हनुमान जी महाराज है। उन्हीं की देखरेख में चिलबिला के भक्तों द्वारा पंडाल सजाया जाता है। विसर्जन के समय मौजूद सुरेश अग्रवाल, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, आशीष कुमार, सोनू, आदर्श कुमार, सूरज, अमन, सनी, विवेक, श्रवण कुमार, बजरंग लाल, पप्पू, छोटेलाल, आनंद, श्याम, पहलवान आदि भक्तगण उपस्थित रहे।



# रखी गई हनुमान जी की आधारशिला

**अखंड भारत संदेश**

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के कन्हैया नगर स्थित भैसासुर धाम पर पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति स्थापना एवं मंदिर निर्माण हेतु आधारशिला रखी गई। आचार्य राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कार्य करके पंचमुखी हनुमान जी के मंदिर निर्माण के लिए आधारशिला रखी। आचार्य ने कहा कि हनुमान जी की आराधना करने से मानव को आत्मबल की प्रापित होती है। इस मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मंडल भासौं के पूर्व प्रधान रामसूरत यादव, पूर्व प्रधान जगननथ, समाजसेवी गिरीश तिवारी, अनूप मिश्रा, मुख्य जजमान विपिन धुरिया, मनन पटेल, राम दुबे, दीपक मिश्रा मौजूद रहे।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग की कार्यसमिति बैठक सम्पन्न

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी विधानसभा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल कार्य समिति की बैठक मंगलवार को डाक बंगले में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार चौरसिया की अगुवाई में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलीप चौरसिया ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार चौरसिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा पिछड़े वर्ग का सम्मान किया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजय पाल, मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा, रामकेवल चौरसिया, अशोक कुमार मौर्या, ब्रह्मदीन चौरसिया, उमेश चौरसिया, सुरेश चंद्र चौरसिया सहित दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली शहर में निकली, डीएम ने की शुरुआत

## हर रविवार मच्छर पर वार नारे लगाते शहर भर में घूमी संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली को जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने फीता काटकर अपने आवास से शुभारंभ किया। इस संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली में नगर पालिका की फागिंग मशीन, एंटी लार्वा मशीन, सेनेटाइजर मशीन की गाड़ियों के अलावा फायर ब्रिगेड व स्वास्थ्य विभाग की गाड़ी बैनर लगाए चल रही थी।

रैली में लोग माइक से उद्घोष कर रहे थे हर रविवार मच्छर पर वार। रैली में पानी का जमाव न होने देने, मच्छरों से बचकर रहने और साफ-सफाई के विशेष बैनर लगाये गये थे। जिलाधिकारी द्वारा रैली का शुभारंभ करते समय मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जिला मलेरिया अधिकारी, नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, राजकीय बालिका इंटर



कालेज के शिक्षक मो0 अनीस सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली जिलाधिकारी आवास से निकलकर भंगवा चुंगी, चौक घंटाघर सदर मोड़ तक गई। फिर वहां से केपी कालेज, राजापाल टंकी होते हुए सीएमओ आवास पर समाप्त हुई।

इस बारे में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि यह संचारी रोग नियंत्रण अभियान 18 अक्टूबर से 17 नवम्बर तक चलेगा जिसमें शहर में विशेष सफाई अभियान के साथ फागिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाएगा। भरत मिलाप के कारण एक दिन बाद जिलाधिकारी द्वारा रैली की शुरुआत की गई है।



# राजकीय पालीटेक्निक कालेज में एनसीसी कैडेटों का हुआ प्रशिक्षण

## ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण व छोटे हथियारों से कराई गई फायरिंग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** 18 यूपी बटालियन एनसीसी प्रतापगढ़ के तत्वावधान में स्थानीय राजकीय पालिटेकिन्क कालेज चिलबिला के परिसर में एनसीसी कैडेटों के प्रभावी प्रशिक्षण का शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सभी कैडेटों ने योगाभ्यास किया जिसके बाद उनकी पीटी कराई गई।

प्रशिक्षण के लिये उनकी ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण, छोटे हथियारों से फायरिंग कराई गई। बता दें कि शिविर में 18 यूपी बटालियन एनसीसी प्रतापगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल लक्ष्मी श्रीनिवासन व ले0 कर्नल आर0एस0 यादव के नेतृत्व में 23 सैन्य कर्मचारी विभिन्न 15 महाविद्यालयों/विद्यालयों के 402 बालक व 232 बालिकाओं के प्रशिक्षण में लगे हुए हैं। कैडेटों के प्रशिक्षण हेतु सूबेदार मेजर पूरनचंद, सूबेदार टीबी आले, नायब सूबेदार मुकेश चंद्र, हवलदार मनोज कुमार आदि के साथ कैप्टन राकेश कुमार तिवारी, कैप्टन विनोद कुमार सिंह, ले0 माया राम, ले0 सुनील कुमार, ले0 पवन प्रकाश द्विवेदी, ले0 कृष्ण मणि त्रिपाठी, ले0 मनोज कुमार सिंह सहयोगी रहे जिनके निर्देशन में कैडेट प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# कड़ी मशक्कत के बाद मुठभेड मे मृतक तौफीक का शव हुआ सुपुर्देखाक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के बाबूतारा गांव मे लगभग चौबीस घंटे की कडी प्रशासनिक मशक्कत के बाद किसी तरह पुलिस मुठभेड मे मारे गये तौफीक का शव मंगलवार की देर शाम सुपुर्देखाक हो सका। इसके पहले सोमवार की देर शाम से लेकर मंगलवार की शाम तक गांव मे तौफीक की मौत को लेकर तनाव बना रहा। मंगलवार की सुबह ही भारी संख्या मे फोर्स बाबूतारा गांव पहुंच गयी। मृतक तौफीक की पतनी आलिया ने अपने पति की पुलिसकर्मियों द्वारा हत्या की बात कहकर शव दफन करने से मना कर दिया। इस बीच गांव का माहौल तनावपूर्ण हो उठा। शव न दफन किये जाने की जानकारी मिलने पर दोपहर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र गांव पहुंचे। एएसपी के निर्देश पर एहतियातन सीओ सदर पवन कुमार त्रिवेदी, सीओ सिटी अभय पाण्डेय तथा सीओ रानीगंज अतुल अंजान भी कई थानों की फोर्स के साथ गांव पहुंच गये। इस बीच एएसपी ने मृतक के परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। इसके बावजूद परिजन शव दफनाने को रजामंद नही हुए।

# वृद्ध की मौत पर हत्या का केस दर्ज करने पर अड़े परिजनो ने लगाया हाइवे पर जाम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के चौधरी का पुरवा देउम पूरब निवासी वृद्ध की मौत को लेकर मंगलवार को लालगंज सांगीपुर हाइवे पर आक्रोशित लोगों ने जाम लगा दिया। वृद्ध की मौत को परिजनों के द्वारा हत्या करार दिये जाने को लेकर कई घण्टे तक हाइवे पर परिजनों व ग्रामीणों ने हंगामा काटा। मौके पर महिलाओं को भी आक्रोशित देखा गया। पुलिस द्वारा पीएम रिपीट आने के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाने के बाद किसी तरह वृद्ध का शव पीएम के लिए भेजवाया जा सका। सांगीपुर थाना के चौधरी का पुरवा निवासी कल्लूराम वर्मा की सोमवार की शाम साढे चार बजे ओरीपुर नौगीर के समीप दुर्घटना मे मौत हो गयी थी। मृतक के पुत्र चंद्रप्रकाश वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने इत्तेफाकिया रिपोर्ट दर्ज की थी। मंगलवार की सुबह मृतक के पुत्र चंद्रप्रकाश वर्मा ने सांगीपुर पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि घटना के दिन उसका पिता साइकिल से सांगीपुर बाजार गया हुआ था। उसे जब पिता की मौत की सूचना मिली तो मौके पर पहुंचा। चंद्रप्रकाश ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पिता की हत्या किये जाने की बात तहरीर मे कही है। मृतक कल्लू की मौत को लेकर हत्या का केस दर्ज करने को लेकर परिजन मंगलवार की सुबह से जिद पर अड़ गये। सूचना मिलने पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंची किंतु परिजन अज्ञात के खिलाफ हत्या की मांग को लेकर टस से मस न हुये।

# 16 कलाओं में से परिपूर्ण अवतार हैं भगवान श्रीकृष्ण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** भगवान श्री कृष्ण कलयुग के कलिकाल में भगवान श्री कृष्ण की आराधना करने से मानव को मनवांछित फल की प्राप्ति होती है यह बातें लवाना में राधा कृष्ण मंदिर पर आयोजित प्रवचन के दौरान आचार्य अतुल जी महाराज ने कही।उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण 16 कलाओं में से परिपूर्ण अवतार हैं भगवान श्री कृष्ण का नाम जपने मात्र से मानव के जहां सभी पार्क कट जाते है वही मानव को साक्षात भगवान की प्राप्ति होती है यदि सच्चे मन से भक्त प्रह्लाद हुआ ध्रुव की तरह सच्ची भक्ति कर ले तो लोक परलोक के आवागमन से छुटकारा मिल जाता है नवाबगंज थाना क्षेत्र के लवाना गांव बंशीधर सेवा प्रकल्प ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित रुद्राभिषेक एवं कोचर के साथ हवन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ आयोजक अध्यक्ष अमित तिवारी भार्गव महाराज एवं उपाध्यक्ष सूरज पांडे ने कथा में आए सभी श्रोताओं का प्रति इसके बाद सायं प्रसाद वितरण अतिथि सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया और सायं काल सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया इस मौके पर प्रशांत पांडे



आभार के साथ आरती करा ईअतुल जी महाराज ने श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा का संकीर्तन करा कर विश्राम दे दिया देवेश शुक्ला वीरू पांडे प्रधान अरुण मिश्रा शशिकांत उदय चंद मोहित मिश्रा प्रमोद मिश्रा मिश्री लाल अग्रहरी संतराम पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# एक दिन मरीजों के नाम इलाज दवा, परामर्श फ्री

## पैसे के पीछे भाग रहे प्राइवेट डॉक्टरों के लिये नजीर बने बीपी सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पैसे की भूख और उसकी चकाचौंध में इंसान इतना अंधा हो चुका है कि उसे इंसानियत की सेवा बेमानी लगती है। चिकित्सा जगत भी इससे अछूता नहीं रहा। ऐसे में जिले के पूर्व जिला होमियपैथिक चिकित्साधिकारी डॉक्टर बीरेंद्र प्रताप सिंह मानवता की सेवा में लगे हैं। व्यस्तता के बीच उनका एक दिन मरीजों की सेवा में उनके बीच बीतता हैं। प्रत्येक शनिवार को क्लीनिक पर मरीजों का फ्री में इलाज परामर्श और दवा देना उन्होंने अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया है। उनका यह कार्य आजकल



के प्राइवेट चिकित्सा पेशे से जुड़े डॉक्टरों के लिए एक सबक है। जो दिन रात पैसे कमाने में लगे रहते हैं।

सियाराम कालोनी के डॉक्टर बीपी सिंह एक दशक पूर्व जिला होमियोपैथिक चिकित्सा अधिकारी थे। रिटायर हुये तो भंगवा चुंगी के निकट क्लीनिक डालकर प्रैक्टिस शुरू कर दी। बीमारियों पर पकड़ होने और उनका बेहतर इलाज के लिए जाने, जाने वाले बीपी सिंह आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं।

इनके बारे में एक खास बात पता चली है। जो यह है कि यहां क्लीनिक में छः दिन बैठते हैं। एक दिन शनिवार को अपने पैतृक गांव समाधगंज बाजार जौनपुर जाते हैं। वहां पर उनका पूरा दिन मरीजों को देखने और उनको दवा देने में बीतता है। दरअसल, डॉक्टर बीपी सिंह ने वहां पर एक क्लीनिक खोल रखी है। जिसका नाम ही धर्मार्थ क्लीनिक रखा है। हर शनिवार यानी महीने के चार दिन यहां आकर मरीजों की निशुल्क सेवा करते हैं। सोचिये आज के दौर में जब लोगो के पास परिवार के बीच बैठने और उनके साथ सैर सपाटे की फुर्सत तक नहीं हैं। सिवाय पैसा कमाने के ऐसे में डॉक्टर बीपी सिंह समय निकाल कर दूसरों की सेवा कर रहें है। वो भी इतनी दूर। कार से जाते हैं। पेट्रोल लगता है। उसके बाद दिन भर मरीज देखना। शाम को घर लौट आना। दूसरे दिन शहर की क्लीनिक पर बैठना। यह सब इस उम्र में कर लेना सबके बस की बात नहीं हैं। बीपी सिंह बताते हैं कि इस कार्य से उन्हें बड़ा सुकून मिलता है। जरूरतमंद मरीजों की सेवा भी हो जाती है। ऐसे डॉक्टर कम ही होंगे जो सलाह दें इलाज के साथ साथ दवा भी मुफ्त में दें। वो भी 150 किलोमीटर का सफर तय करके। इंसानियत के लिए किया जा रहा उनका यह कार्य आज के डॉक्टरों खासकर प्राइवेट वालों के लिए एक नजीर बना है। बाकियों को भी चाहिये कि वो भी कम से कम एक दिन जरूरतमंद मरीजों के लिए निकाले। ताकि मानवता का कल्याण हो सके।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने याद की कमलेश तिवारी की शहादत

**कौशाम्बी।** 18 अक्टूबर को दिवंगत कमलेश तिवारी की शहादत को याद करके कौशांबी जनपद के सिराथू बिधान सभा के भदवॉं गाँव में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हे नम आँखो से श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और हिन्दुत्व के अमर सिपाही के याद मे कमलेश तिवारी अमर रहें का जय घोष कर उनके हिन्दुत्व मिशन को आगे बढाने का संकल्प लेते हुए आतंक वाद का पुतला दहन किया गया इस अवसर पर राजेन्द्र तिवारी बाबा उमेश तिवारी राम शिरोमणि अनिल कुमार तिवारी रामू बाबा आदि कई लोग उपस्थिति रहें जय हिन्दू शिरोमणि कमलेश तिवारी अमर रहों अमर रहो के नारे से गांव गूँजता रहा उक्त जानकारी राजेंद्र तिवारी बाबा पत्रकार ने दी है।

### मूसलाधार बारिश से धान की फसल नष्ट

**चरवा कौशांबी(** किसानों के सामने मुसीबत बनकर आसमान से बरसात होने लगी मंगलवार की सुबह मूसलाधार बारिश से धान की फसल चौपट हो गयी है कई घंटे तक लगातार बारिश हुई है जिससे खेत में खड़ी धान की तैयार फसल गिर गई है और फसल गिर जाने से किसानों की फसलें खराब हो गई है जिससे किसानों के सामने एक बड़ी मुसीबत खड़ी है भारी बारिश के चलते कौशांबी के किसानों का भारी नुकसान हो गया।

# चाचा के बाद भतीजे की हत्या पेड़ से लटकी मिली लाश

## कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा गांव में देवराज की हत्या के बाद उसके भतीजे को हमलावरों ने कर दिया था गायब


युवक की मौत के बाद जुटी भीड़

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा गांव में देवराज की हत्या के बाद उसके भतीजे को हमलावरों ने गायब कर दिया था 5 दिनों बाद भतीजे की लाश सैनी कोतवाली क्षेत्र के गोविंदपुर गोरियों गांव के बाहर एक नीम के पेड़ से लटकी मिली है भतीजे की हत्या कर हमलावरों ने लाश को पेड़ से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया है दोहरे हत्याकांड के खुलासे में किसी नतीजे पर पुलिस नहीं पहुंच सकी है पेड़ से लटकी लाश की जानकारी मिलने पर मौके पर स्थानीय थाना पुलिस पहुंची है और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा गांव निवासी देवराज उर्फ.मोटा पुत्र कृपालु घर के बाहर सो रहे थे 13 अक्टूबर को उनके खोपड़ी और गले में प्रहार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया था उसी दिन से उनका भतीजा राजकुमार पुत्र देव शरण प्रजापति रहस्यमय परिस्थितियों से गायब हो गया आशंका जताई जा रही थी कि देवराज की हत्या की घटना राजकुमार ने देख ली है जिससे हमलावरों ने उसे गायब कर दिया है राजकुमार को परिजन खोज रहे थे मंगलवार की सुबह सैनी कोतवाली क्षेत्र के गोविंदपुर गोरियों गांव के बाहर पेड़ से लटकी राजकुमार की लाश मिली है। पुलिस का मानना है कि राजकुमार ने आत्महत्या कर लिया है जबकि परिजन और ग्रामीणों का मानना है कि देवराज की हत्या करने वालों ने ही राजकुमार की हत्या कर लाश को पेड़ से टांग कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया है। चाचा भतीजे की हत्या क्यों की गई है यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन पुलिस इस दोहरे हत्याकांड को ठंडे बस्ते में डालकर जिम्मेदारी से पीछा छुड़ाने का प्रयास कर रही है।

## अज्ञात लाशों को ढोने तक सीमित रह गई कौशांबी पुलिस

### फिर एक युवक की हत्या कर पिपरी क्षेत्र के खेत में लाश फेंक गए गिरोह के सदस्य


अज्ञात लाश को पोस्टमार्टम भेजती पुलिस

**कौशांबी।** हत्या करके लाश ठिकाने लगाने का मुफीद स्थान कौशांबी बन गया है सुरक्षा के नाम पर पूरी रात पुलिस गश्त करती है हंड्रेड डायल की गाड़ियां भी रात भर सड़क पर हूटर बजाती है लेकिन उसके बाद भी लाश लेकर आने वाले वाहन और गिरोह के सदस्य लाशों को ठिकाने लगाकर आसानी से बाहर निकल जाते हैं पुलिस हाथ मलती रह जाती है आखिर निदोर्षों की हत्या करने वाले गिरोह के सदस्य के हाथ कितने लंबे हैं उन्हें किसका संरक्षण प्राप्त है जिसके चलते अज्ञात लाश फेंकने वाले गिरोह के सदस्य तक पुलिस के लंबे हाथ नहीं पहुंच पाते हैं इस जिले में लाश फेंकने का सिलसिला नहीं रुक रहा है एक लाश को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस भेज कर उसकी जांच पड़ताल शुरू नहीं कर पाती कि दूसरी लाश फिर अज्ञात मिलने की जानकारी सार्वजनिक हो जाती है और अज्ञात लाशों के मामले में हत्याकांड का खुलासा करना हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल भेज देना तो पुलिस के लिए दूर की बात है पुलिस तमाम अज्ञात लाशों की शिनाख्त भी नहीं कर पाती है यह पुलिस व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। पूर्व में मिली तमाम अज्ञात लाश की शिनाख्त कर उनका खुलासा पुलिस नहीं कर पाई बीती रात फिर पिपरी थाना क्षेत्र के दुगार्पुर गांव के बाहर एक युवक की हत्या कर लाश फेंक कर गिरोह के सदस्य फरार हो गए है घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई मृतक युवक के शव में गले मे रस्सी का फंदा और शरीर मे चाकू से हमला होने के निशान मिले है मृतक युवक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताया जाता है चाकू के निशान के साथ गला घोटने की जानकारी के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवक का हमलावरों से संघर्ष भी हुआ है इसके पहले भी इस जिले में ट्रक चालकों और खलासी को अगवा कर उनकी हत्या कर ट्रक लूटने वाले गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर पुलिस ने लूट कांड का खुलासा किया था है कई मामलों का खुलासा पूर्व में पुलिस ने कर गिरोह के सदस्यों को जेल भेज दिया इन दिनों गिरोह के सदस्य जेल से बाहर है छूटने के बाद कुछ दिनों के लिए गिरोह के सदस्यों ने ठिकाना बदल दिया था लेकिन इधर 2 वर्षों से फिर जिले में अज्ञात लाशें मिलने का सिलसिला तेजी से शुरू है और सभी मौत के तरीके एक तरह के दिखाई पड़ते हैं जिससे यह लगता है कि किसी एक गिरोह के सदस्य इन घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं।

## न्यूज झरोखा

### मारपीट कर वृद्ध शिवप्रसाद केशरवानी करोड़ीमल को परिजनों ने घर से भगाया



**कौशाम्बी।** बढ़ते आर्थिक चकाचौंध के बीच परिवार की मान मयार्दाए खत्म होती जा रही हैं और कभी समाज में अच्छे मान सम्मान वाले परिवार के लोग भी समाज में हंसी का पात्र बन रहे हैं इसी तरह का एक मामला चायल तहसील क्षेत्र का सामने आया है जहां कादिलपुर कसेन्दा के गणेशदीन केसरवानी के परिवार का कभी जलवा हुआ करता था इसी परिवार के शिव प्रसाद केसरवानी करोड़ीमल 92 साल की उम्र पार कर चुके हैं सोमवार को उनके पुत्रों ने मारपीट का उन्हें घर से भगा दिया है सोमवार की रात्रि 8:00 बजे वह रोते बिलखते पुलिस अधीक्षक से मिलने मंझनपुर पहुंचे हैं लेकिन पुलिस अधिकारियों से मुलाकात नहीं हो सकी है जिस पर वह मंझनपुर चौराहे के सहकारी समिति के पास रोते बिलखते अपने साथ हुए जुल्म ज्यादती को बयां कर रहे थे 92 वर्ष का बृद्ध सड़क पर रोता हुआ मंझनपुर में न्याय की गुहार लगाता रहा।

### पड़ोसन के साथ मिलकर बहू ने वृद्ध महिला पर किया हमला

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कोरड गांव मे सोमवार को एक वृद्ध महिला पर उसकी बहू ने पड़ोसियों के साथ मिलकर हमला कर दिया है जिससे वृद्ध महिला को गंभीर चोटें आई हैं इलाज के लिए वृद्ध महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जानकारी के मुताबिक राम आसरे की 85 वर्षीय पत्नी ध्रुवपति सोमवार को अपने घर पर बैठे थे इसी बीच एक ईटा आकर उसके शरीर में लगा जिस पर उसने लड़कों को डांटना पीटना शुरू किया बताया जाता है कि पड़ोस के लड़के ईद पत्थर मारकर कैथा का फल तोड़ रहे थे कैथा तोड़ने के चक्कर मे बच्चों ने पेड़ पर ईट फेका जो वृद्ध महिला को लग गया महिला ने इस बात का विरोध किया जिस पर उसकी बहू कलुईया ने अपने पड़ोसियों के साथ मिलकर ध्रुपति को बेरहमी से पीटा है जिससे वृद्ध महिला को गम्भीर चोटे आई है पारिवारिक मामला होने के चलते मामले की सूचना किसी ने भी पुलिस को नहीं दिया है वृद्ध महिला की हालत गंभीर बताई जाती है

### रिपोर्ट न दर्ज होने पर महिला ने एसपी से की फरियाद

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र दे कर फरियाद करते हुए चरवा थाना क्षेत्र की गुड्डी देवी ने बताया कि मेरे गांव के ही दबंग किस्म के 3 बदमाशो ने हमे जीना दुश्वार कर रखा है प्रशासन का सहारा लेना चाहते है तो वह मदद नहीं कर रहे हैं आरोप है कि गुड्डी देवी जब कहीं जाती है तो गांव के ही शेखर डब्बू कम्बू आदि उसे तरह तरह से जलील करते हैं उसका वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे मानसिक प्रताड़ित करते हैं आरोपियों पर आरोप है कि वह महिला को धमकी देते हैं कि अश्लील वीडियो बनायेंगे और उसे वायरल करेंगे पीड़ित महिला का कहना है कि थाना पुलिस से न्याय की उम्मीद नहीं है थाना पुलिस आरोपियो से सौदेबाजी कर चुकी है पुलिस कप्तान ने महिला को भरोसा दिलाया है कि जांच कर न्याय पूर्ण कार्यवाही करेंगे।

### डीजल पेट्रोल में जीएसटी लगाए जाने की मांग

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के चकिया गांव के रहने वाले वरिष्ठ समाजसेवी प्रबुद्ध वर्ग के मिश्रीलाल पांडेय ने कहां है कि डीजल और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों में रोक लगाने के लिए उसमें जीएसटी लगाया जाना आवश्यक है उनका कहना है कि केंद्र की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वह डीजल पेट्रोल में जीएसटी लगाने के लिए तैयार है लेकिन राज्य सरकार जीएसटी लगाने को तैयार नहीं है समाज सेवी मिश्रीलाल पांडेय ने कहा कि देश के दो तिहाई राज्यों में भाजपा की सरकार है और भाजपा की सरकार केंद्रीय सरकार का निर्देश मानने से कैसे इंकार कर सकती है उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार के निर्देश को राज्य सरकार मानने से इंकार करती है तो यह तो राज्य सरकारों की अनुशासनहीनता होगी समाजसेवी ने कहा कि पहले भाजपा शासित राज्यों में डीजल पेट्रोल पर जीएसटी लगाई जाए उसके बाद अन्य राज्यो की सरकार डीजल पेट्रोल में जीएसटी लगाने को विवश होगी उनका तर्क है कि जीएसटी लगाए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय मूल्य पर जीएसटी जोड़ कर ग्राहकों को डीजल पेट्रोल मिलेगा और जीएसटी लगाए जाने के बाद मार्केट में 50 रुपए प्रति लीटर डीजल पेट्रोल खुलेआम बिकेगा उन्होंने बढ़ती महंगाई पर जीएसटी लगाकर डीजल पेट्रोल की कीमत घटाने की मांग की है।

### व्यापारी से लूट नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर गिरसा बाईपास विधायक के कार्यालय के आसपास एक व्यापारी से सोमवार की रात असलाधारी बदमाशों ने रुपए लूट लिए थे मामले की सूचना पीड़ित व्यापारी ने स्थानीय पुलिस को दिया है लेकिन खबर लिखे जाने तक लूट की घटना को पुलिस ने दर्ज नहीं किया है बताते हैं कि व्यापारी अभिषेक कुमार इसी थाना क्षेत्र के असतुल्ला गंज गांव के निवासी है और वह तगादा करके वापस घर लौट रहे थे असलहे के दम पर लुटेरों ने ब्यापारी को लूट लिया है बताया जाता है कि व्यापारी के पास लाखों रुपए की रकम थी

### कचहरी में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या किए जाने की कठोर शब्दों में निंदा

**कौशाम्बी।** शाहजहांपुर कचेहरी परिसर में अधिवक्ता भूपेन्द्र सिंह की गोली मारकर हत्या किये जाने के बाद कौशाम्बी के अधिवक्ताओं में ऊबाल है शाहजहांपुर में अधिवक्ता हत्याकांड की कौशांबी के अधिवक्ताओं ने घोर निंदा की है और दोषीजनो के विरुद्ध अविलम्ब कठोर कार्यवाही की मांग अधिवक्ताओं ने की है पीड़ित अधिवक्ता के परिवार के आश्रितों को 5 लाख रुपये व आश्रित को सरकारी नौकरी दिलाये जाने की मांग करते हुए मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता नर नारायण मिश्रा ने कहा कि कचहरी के भीतर दिनदहाड़े भीड़ भरे क्षेत्र में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है यह बेहद निंदनीय है उन्होंने कहा कि पूर्व में उच्च न्यायालय ने कचहरी परिसर में अस्त्र शस्त्र ले जाने पर पूर्ण रोक लगा दी थी लेकिन पुलिस की लापरवाही के चलते कचहरी परिसर में अराजक तत्व बड़ी आसानी से अस्त्र शस्त्र लेकर फिर आते जाते हैं और गंभीर घटनाओं को अंजाम दे कर फरार हो जाते हैं उन्होंने कहा कि यदि उच्च न्यायालय द्वारा न्यायालय परिसर में अस्त्र शस्त्र ले जाने पर रोक लगाए जाने के आदेश का पूरी तरह से पुलिस ने पालन किया होता तो भूपेंद्र सिंह अधिवक्ता की हत्या करने में हत्यारे सफल ना होते उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह की हत्या में शाहजहांपुर पुलिस भी पूरी तरह से दोषी है उन्होंने कहा कि हत्यारों की गिरफ्तारी कर लेने से पुलिस की लापरवाही क्षम्य नहीं हो जाती है उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर पुलिस को अधिवक्ता की हत्या का दोषी मानते हुए कठोर दंड दिया जाए।

# शानो शौकत से मनाया गया बारह रबी उल अव्वल का पर्व

## बरई बंधवा में निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी


त्यौहार पर उपस्थित समुदाय के लोग

अखंड भारत संदेश

**करारी कौशाम्बी।** बारह रबी उल अव्वल का पर्व जिले में शानो शौकत से मनाया गया है कोविड महामारी और कोरोनावायरस के चलते जुलूस में भीड़ कम की गई हैं लेकिन पूरे जिले में शानो शौकत के साथ 12 रबी उल अव्वल के पर्व को धूमधाम से मनाया गया है बारह रबी उल अव्वल के पर्व और जुलूस को देखने के लिए समुदाय की जनता उमड़ पड़ी है जिले के महंगाव सैयद सरावा कड़ा धाम शहजाद पुर मंझनपुर करारी भरवारी सिराथू चायल सराय अकिल आदि स्थानों पर शानो शौकत के साथ बारह रबी उल अव्वल का पर्व मनाया गया है सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुबह से ही प्रशासन ने भारी पुलिस फोर्स की तैनाती चौराहों और नगरों में कर दी है चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान पुलिस तैनात रहे। करारी थाना क्षेत्र के बरई बंधवा गांव में कोविड-19 का पालन करते हुए बड़े शांतिपूर्ण तरीके से जुलूसे मोहम्मदी निकला गया सफी जामा मस्जिद से जुलूस का इनकाद किया गया जुलूस में मोहम्मद सल्लल्लाहुताला अलिहिवस्सलम की शान में नात खानी हुई और सलाम पढ़ कर सिरिनी बाट कर एहतेमाम किया गया है जिसमें बाहर से आये हूए मेहमान मौलाना शादाब खुशनूदी हाफिज फय्याज हाफिज आदिल और तमाम गांव के लोग मौजूद रहे।

# भाजपा जिला महामंत्री ने परिजनों संग मिलकर बच्चों पर ढाया कहर

अखंड भारत संदेश

**ननिहाल मे रह रहे भाई बहन को भाजपा महामंत्री समेत आधा दर्जन लोगों ने जमकर पीटा**

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा गांव में अपनी ननिहाल में रह गए भाई बहन को पानी के विवाद में भाजपा महामंत्री और उनके परिजनों ने ने जमकर पीटा है जिससे भाई-बहन को चोटें आई हैं मामले की तहरीर मंझनपुर कोतवाली में पीड़ित भाई बहन के मामा उमेश केसरवानी ने दी है खबर लिखे जाने तक आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है और ना ही मामले में मुकदमा दर्ज हुआ है। जानकारी के मुताबिक तनु और उसका भाई अंचल पुत्र रामप्रकाश अपने ननिहाल नारा गांव में उमेश केसरवानी के घर पर रहते हैं मंगलवार की सुबह पानी भरने को लेकर पड़ोस में रहने वाले भाजपा महामंत्री युवा मोर्चा नीरज मोदनवाल और उनके पिता उमाशंकर बच्चों से विवाद करने लगे जिसके बाद भाजपा नेता नीरज उसके पिता उमाशंकर उनके घर की कई महिलाओं ने तनु और अंचल को बेरहमी से पीटा है बच्चे जान बचाकर घर के भीतर भागे लेकिन भाजपा नेता और उनके परिजन पीड़ित बच्चों के घर घुस गए हैं और वहां भी जमकर तांडव किया है गाली गलौज कर बच्चों के साथ मारपीट भाजपा नेताओं ने किया है आरोप है कि भाजपा नेता ने बालिका के कपड़े भी फाड़ दिए हैं इतना ही नहीं छत के ऊपर चढ़कर बालिका के घर के भीतर ईट पत्थर फेंके गए हैं भाजपा जिला महामंत्री युवा मोर्चा का पद पाने के बाद नीरज मोदनवाल अपने गुरूर में आए दिन ग्रामीणों से विवाद करते हैं गांव में कई लोगों से इनके विवाद हो चुके हैं कई बार लोगों को मारपीट गाली गलौज कर अपमानित कर चुके हैं लेकिन भाजपा नेता है तो उनके बचाव में माननीय भी खड़े हो जाते हैं जिससे भाजपा नेता का बाल बांका नहीं हो पाता है लेकिन भाजपा नेता के इस आतंक से योगी मोदी सरकार की छवि क्या आम जनता के बीच में बेहतर होगी यह बड़ा सवाल है।

## विश्व पटल पर कौशांबी के लाल ने फहराया झंडा


प्रवेश गुप्ता की फाइल फोटो

**कौशांबी।** अपनी प्रतिभा के चलते कौशांबी जिले के मंझनपुर कस्बे के रहने वाले एक युवक ने विश्व पटल पर अपनी कीर्ति का झंडा गाड़ दिया है इन दिनों युवक उज्बेकिस्तान पहुंच चुका है और वहां पर वह इंटरनेशनल इलेक्शन आब्जर्वर बनाया गया है विश्व पटल पर युवक के पहुंच जाने की जानकारी मिलने के बाद परिजनों और रिश्तेदारों सहित जिले वासियों में खुशी की लहर है और उन्होंने युवक के उज्जवल भविष्य की कामना की है। बताते चलें कि मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र के मध्यम वर्गीय परिवार व्यवसायिक मेवा लाल गुप्ता के पुत्र प्रवेश कुमार गुप्ता ने प्रयागराज जिले के इविंग क्रिश्चियन कॉलेज से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद गोल्ड मेडल प्राप्त कर डीयू विश्वविद्यालय से .. की परीक्षा उत्तरीर्ण करने के बाद जवाहरलाल नेहरू से पीएचडी की डिग्री हासिल की और वह रिसर्च करने लगे भारत के साथ-साथ अन्य देशों के संबंधों पर वह पिछले कई वर्षों से सर्च कर रहे हैं उनकी लिखी गई कई किताबें वा लेख अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात है उनके लाखों प्रशंसक है प्रवेश कुमार गुप्ता के कार्यों से प्रभावित होकर उज्बेकिस्तान दूतावास ने प्रवेश कुमार गुप्ता को इंटरनेशनल इलेक्शन आब्जर्वर बनाकर 24 अक्टूबर को होने वाले चुनाव के लिए आमंत्रित किया है पत्र मिलते ही प्रवेश गुप्ता के रिश्तेदार परिजनों के साथ-साथ जिले वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई 21 अक्टूबर को प्रवेश कुमार गुप्ता भारत से उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद के लिए प्रस्थान करने वाले हैं मंझनपुर जैसे कस्बे से निकलकर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रवेश गुप्ता को सुनहरा अवसर मिलने की जानकारी जैसे ही जिले वासियों को हुई पूरे जिले में हर्ष का माहौल व्याप्त है इस मौके पर तमाम लोगों ने प्रवेश गुप्ता और उनके परिजनों को बधाई दी है प्रवेश गुप्ता के बड़े भाई एडवोकेट दुर्गेश कुमार गुप्ता ने भी उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह उनके पिता के धर्म कर्म का परिणाम है कि उनका बेटा विश्व पटल पर नाम रोशन कर रहा है।

### नंदिनी केसरी मुम्बई ने केबीसी में जीती 7 करोड़ की राशि

**कौशांबी।** केसरवानी समाज की एक बेटी ने फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त किया है अमिताभ बच्चन के केबीसी में शामिल होकर उसने 7 करोड़ रुपए की राशि जीती है केशरवानी समाज की यह बेटी बिहार प्रांत के मसौढ़ी जिले की रहने वाली है समाज की बेटी के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता मिलने के बाद अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा के पदाधिकारियों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बिहार प्रदेश के मसौढ़ी पटना के साधना टाकीज के मालिक ओमप्रकाश केसरी की बेटी नंदिनी केसरी ने मुम्बई में केबीसी में भाग लिया यह एपिसोड 21 अक्टूबर को प्रसारित किया जाएगा इस योजना में शामिल होकर उसने प्रश्नों का सटीक उत्तर देकर सफलता हासिल की केबीसी में 7 करोड़ रुपए की राशि नंदिनी केशरी ने जीती है इस उपलब्धि के लिए अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा ने नंदिनी केसरी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# रावण के अत्याचार से कांप उठी धरती देवताओं की शरण मे पहुंचे ऋषि मुनि

अखंड भारत संदेश


रामलीला का मंचन करते कलाकार

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के गांधी चबूतरे मैदान में आयोजित रामलीला कार्यक्रम में दूसरे दिन सुदूर चित्रकूट से आयी रामलीला मंडली के उत्कृष्ट कलाकारों ने रावण जन्म व उसके अत्याचारों का मंचन किया लंकापति रावण उसके भाई कुम्भकर्ण, विभीषण के जन्म व रावण के अत्याचारों से धरती कांप उठी कलाकारों ने मंच से इसकी जीवंत प्रस्तुति दी है !महाराज मनु की पत्नी मनु सत्यरूपा ने घोर तपस्या कर भगवान से ऐसे पुत्र की मनोकामना की जिससे विश्व का कल्याण हो सके वरदान से कालांतर में महाराज दशरथ की पत्नी कौशल्या से मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्म हुआ !उधर विश्रवा ऋषि व कैकेसी विवाह पश्चात रावण कुम्भकर्ण व विभीषण का जन्म होता है रावण कठोर तपस्या कर बलशाली होकर अपना दिग्विजय सम्राज्य स्थापित करता और अत्याचार शुरू कर देता है मेघनाद का जन्म होता है जो तपस्या कर अनेक अमोघ अस्त्रों से सुसज्जित हो जाता है।जिससे ऋषि मुनियों देवताओं में हाहाकार मच जाता है। कलाकारों की प्रस्तुति देखते ही बनती है कार्यक्रम के बीच बीच हास्य गीत संगीत का समावेश कर कलाकार दर्शकों को बांध कर रखते हैं वहीं रावण के किरदार में राजकुमार द्विवेदी,कुम्भकर्ण के किरदार में छोटू,विभीषण के किरदार में संजय ने बेहतरीन भूमिका निभाई है इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा ने कलाकारों के बेहतरीन अभिनय की तारीफ की है रामलीला मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा है।

# पेट्रोल पंप पर कांग्रेस नेताओं ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश



पेट्रोल की महंगाई के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेसी

**कौशांबी।** पेट्रोल डीजल के बढ़ते दामों के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने पेट्रोल पंप पर जोरदार धरना प्रदर्शन कर पेट्रोल डीजल के दामों को कम करने की मांग की है पेट्रोल की महंगाई को देखते हुए यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कनिष्ठ पांडेय ने आज पूर्वी के सभी जिला अध्यक्षों से पेट्रोल पंप पर जाकर महंगाई का विरोध करने प्रदर्शन करने का आदेश जारी किया था इसी आदेश के तहत कौशांबी से यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने रिलायंस पेट्रोल पंप पर अपनी टीम के साथ प्रदर्शन किया प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी नेताओं ने महंगाई कम हो का नारा लगाया उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार भाजपा सरकार गरीबों को लूट रही है गरीब गाड़ियों से चलने को मोहताज हो गया है कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा की सरकार में गरीबो का जीवन इस महंगाई के चलते एकदम खत्म होने की कगार पर है महंगाई अपने चरम सीमा से ऊपर है उसी प्रकार डीजल और पेट्रोल भी सैकड़ा पार कर रहे हैं कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा की सरकार में डायन की तरह महंगाई की बढ़ती कीमतों से गरीबों की फसलों से लेकर हर जगह नुकसान हो रहा है डीजल के बढ़ते दामों से खेतों की फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है उर्वरक और बीज के दाम आसमान छू रहे हैं उसकी भरपाई नहीं हो पा रही है खेतों में उत्पादन कम होने से किसान परेशान है भाजपा सरकार में प्रतिदिन बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रवि प्रकाश रावेंद्र कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू बरसाती लाल पंडा वेद प्रकाश पांडेय की टीम 50 की संख्या पर प्रदर्शन किया।

# 7 वर्ष की बच्ची रेप के आरोपियों की गिरफ्तारी को भूल गई पुलिस

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के सुरसेना गांव में 22 सितंबर को 7 वर्ष की एक बच्ची के साथ जबरिया रेप किए जाने की घटना प्रकाश में आई थी बालिका खून से लथपथ वस्त्र विहीन हालत में अपने ननिहाल पहुंची थी जहां से उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया 3 दिनों तक बच्ची का अस्पताल में इलाज होता रहा पुलिस मामले में बार-बार मेडिकल रिपोर्ट आने की बात कर मामले को लटकाने का प्रयास कर रही थी चिकित्सकों ने भी जांच के दौरान मेडिकल रिपोर्ट में बालिका के गुप्तांग में गहरी चोट के निशान की पुष्टि कर दी है बालिका के गुप्तांग में गहरी चोट की पुष्टि होने के बाद भी पुलिस इस मामले में बालिका से रेप करने वालों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है इलाके के एक चर्चित बालू माफिया का नाम बच्ची से रेप करने में प्रकाश में आ रहा है और पुलिस बालू माफिया को बचाने का भरसक प्रयास कर रही है बलात्कारी को बचाने उतरी थाना पुलिस का तर्क है कि बच्ची को खूंटे की चोट लग गई है जब की बच्ची के शरीर से कपड़े गायब थे यदि खूंटे से चोट लगी होती तो कैसे बच्ची के शरीर से कपड़े गायब होते पीड़ित बच्ची भी रेप किये जाने का बयान दे रही है लेकिन 28 दिन बीत जाने के बाद भी घटना के आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास पुलिस नहीं कर सकी है इस चर्चित घटना में पुलिस पर्दा डालने का भरसक प्रयास कर रही है जबकि बच्ची को न्याय दिलाने के लिए किशोर न्याय बोर्ड की निधि त्रिपाठी और महिला अधिकार संगठन की जिला अध्यक्ष अंजना मिश्रा ने अधिकारियों से वार्ता कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग भी रखी थी लेकिन फिर भी बच्ची से रेप की घटना के आरोपी को सराय अकिल पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है आखिर वह बालू माफिया कौन है जिस पर बच्ची से रेप किए जाने का आरोप है और बालू माफिया को बचाने मैं किसका बड़ा योगदान है किसके दबाव में बालू माफिया को गिरफ्तार करने से पुलिस दूर भाग रही हैं जनता के बीच यह चर्चा का विषय है।

## कई मौत के जिम्मेदार चिकित्सक दंपत्ति की पिपरी थाने में होती है खातिरदारी

**कौशांबी।** अवैध तरीके से नर्सिंग होम संचालन कर इलाज के नाम पर मरीजो से धनादोहन में जुटे पिपरी थाना क्षेत्र के कथित चिकित्सक संध्या साहू उनके पति अरविंद साहू के इलाज में लापरवाही के चलते कई लोगों की मौत हो चुकी है मरीजों की मौत के मामले को लेकर कई बार मरीज के परिजनों ने इस अस्पताल में हंगामा भी किया है चिकित्सक दंपत्ति के ऊपर पिपरी थाने में मौत के कई मुकदमे दर्ज हैं मरीजों को मौत देकर धना दोहन करने वाले चिकित्सक दंपत्ति की गिरफ्तारी की मांग महिला अधिकार संगठन से लेकर पीड़ित परिजन पुलिस अधिकारियों से कर रहे हैं आरोपी चिकित्सक दंपत्ति की गिरफ्तारी का निर्देश भी पुलिस आला अधिकारी दे चुके हैं लेकिन नोटों से मालामाल चिकित्सक दंपत्ति की आवा भगत कर पिपरी पुलिस भी मालामाल होना चाहती है कई बार चिकित्सक दंपत्ति को पुलिस ने जांच बयान के बहाने थाने बुलाया है आरोपी कथित चिकित्सक दंपत्ति को थाने में बैठे देखा जाता है बताया जाता है कि मौत के आरोपी चिकित्सक दंपत्ति को पिपरी थाने में चाय नाश्ते की व्यवस्था भी पुलिस कराती है उसे सम्मान पूर्वक सड़क तक छोड़ने पिपरी थाना पुलिस जाती हैं आखिर मौत के सौदागर चिकित्सक दंपत्ति पर इतनी नरम दिली क्यों पिपरी पुलिस बरत रही है यह बड़ी जांच का विषय है और पिपरी पुलिस के मौत के सौदागर चिकित्सक दंपत्ति से गहरे रिश्ते की जांच हुई तो पिपरी पुलिस के कारनामे उजागर होना तय है।

## सम्पादकीय

## प्रवासी मजदूरों पर हमला

बड़ी संख्या में मजदूर अपने-अपने गांवों की ओर लौटना चाह रहे हैं। ध्यान रहे, चाहे खेतों में काम करने की बात हो या सेब को बागानों से बाजार तक पहुंचाने की या असंगठित क्षेत्रों की अन्य इकाइयों को चलाते रहने की- दूसरे राज्यों से आए प्रवासी मजदूरों की यहां प्रमुख भूमिका है। जम्मू-कश्मीर में आम लोगों को निशाना बना कर किए जाने वाले आतंकी हमलों का जारी रहना गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। रविवार को कुलगाम में बिहार के दो प्रवासी मजदूरों की हत्या इन आतंकी घटनाओं की ताजा कड़ी है। इससे एक दिन पहले शनिवार को ही उत्तर प्रदेश के एक कारपेंटर और बिहार के एक फेरीवाले की हत्या हुई थी। 24 घंटे में हुई इन चार हत्याओं ने घाटी में रह रहे प्रवासी मजदूरों के बीच भय का माहौल बना दिया है। बड़ी संख्या में मजदूर अपने-अपने गांवों की ओर लौटना चाह रहे हैं। ध्यान रहे, चाहे खेतों में काम करने की बात हो या सेब को बागानों से बाजार तक पहुंचाने की या असंगठित क्षेत्रों की अन्य इकाइयों को चलाते रहने की- दूसरे राज्यों से आए प्रवासी मजदूरों की यहां प्रमुख भूमिका है। यही वजह है कि रविवार को हुए हमलों की जिम्मेदारी लेने वाले आतंकी संगठन युनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ने बाकायदा चेतावनी जारी करते हुए यहां रह रहे बाहरी मजदूरों से कहा कि वे जल्द से जल्द राज्य छोड़कर चले जाएं। ऐसे में बहुत मुमकिन है कि इस घबराहट को बढ़ाने के मकसद से आतंकी तत्व आने वाले दिनों में प्रवासी मजदूरों पर ऐसे और हमले करें।

संभवतः इन्हीं आशंकाओं के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों ने इन मजदूरों को सुरक्षा देने के मकसद से कुछ विशेष कदम उठाने की जरूरत महसूस की। लेकिन सोशल मीडिया पर यह बात इस रूप में फैली कि प्रवासी मजदूरों को पुलिस थाने और सुरक्षा बलों के केंद्रों पर लाने के आदेश जारी हुए हैं। इस कथित आदेश को लेकर फैली अफवाह ने आम मजदूरों में डर और बढ़ा दिया। यह प्रकरण सबक है कि एहतियाती कदम उठाने के मामले में भी किसी तरह की हड़बड़ी दिखाना फायदे के बदले नुकसानदेह साबित हो सकता है। एक-एक कदम फूंक-फूंक कर रखने की जरूरत है। इतना तो स्पष्ट हो ही गया है कि चाहे संगठन के जो भी नए-नए नाम आगे किए जा रहे हों, यह नई रणनीति भी उन्हीं आतंकी तत्वों की करतूत है जो अर्से से इस काम में लगे हैं। दूसरी बात यह कि इस नई आतंकी रणनीति के मद्देनजर सुरक्षा बलों को भी अपने तौर-तरीकों में आवश्यक बदलाव करने होंगे। सबसे ज्यादा ध्यान इस बात का रखना होगा कि भूल से भी ऐसा कोई काम न हो, जिससे स्थानीय बनाम बाहरी या बहुसंख्यक बनाम अल्पसंख्यक जैसे ध्रुवीकरण को मजबूती मिले। आतंकी तत्व ऐसे किसी मौके का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं जिसका इस्तेमाल कर वे आम लोगों के बीच विभाजन को तीखा कर सकें। स्थानीय खुफिया तंत्र को मजबूत करने और आतंकी तत्वों के खिलाफ अभियान चलाते हुए भी सबसे ज्यादा जोर उनके जनविरोधी चेहरे को उजागर करने पर होना चाहिए ताकि आम लोग उसकी असलियत समझते हुए आपसी एका बनाए रखें।

# क्या यूपी के रूठे हुए वैश्य वोटरों को मनाने में कामयाब हो पायेगी भाजपा ?

स्वदेश कुमार

यह नाराजगी वैश्य समाज के बड़े नेता और योगी सरकार में मंत्री राजेश अग्रवाल को योगी कैबिनेट से बाहर किए जाने के बाद और भी बढ़ गई थी। इसके बाद गोरखपुर के होटल में पुलिस की पिटाई से प्रॉपर्टी डीलर मनीष गुप्ता की मौत ने वैश्य समाज की नाराजगी और भी बढ़ा दी। उत्तर प्रदेश में मोदी का हिन्दुत्व टुकड़ों में बंटता जा रहा है। 2014 के लोकसभा चुनाव जीतने के लिए तब के बीजेपी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार और गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस वृहद हिन्दुत्व को एकाकार किया था, उसने विपक्ष के पैर उखाड़ दिये थे। इसी हिन्दुत्व के बल पर मोदी ने दो बार (2014-2019) दिल्ली की और 2017 में यूपी की सत्ता हासिल की थी, लेकिन अब मोदी का हिन्दुत्व यूपी बीजेपी के लिए अप्रसांगिक हो गया है। यूपी में अब हिन्दुत्व की बात नहीं होती, बल्कि यहां टुकड़ों में हिन्दुत्व को समेटने का प्रयास किया जाता है। इसीलिए जब योगी सरकार को लगता है कि ब्राह्मण वोटर उससे नाराज है तो वह अन्य दलों के ब्राह्मण नेताओं से गलबहियां कर लेती है। ब्राह्मणों का सम्मेलन कराकर उन पर डोरे डालने लगती है। इसी तरह से जब उसे पिछड़ा समाज के मतदाताओं की नाराजगी का पता चलता है तो वह पिछड़े समाज का सम्मेलन कराने के साथ-साथ पिछड़ा समाज के लम्बरदार बने नेताओं के छोटे-छोटे दलों से गठबंधन कर लेती है। बीजेपी ऐसा ही रवैया दलितों, क्षत्रियों आदि वर्ग के वोटरों को मनाने के लिए अख्तियार करती है। इसी कड़ी में अब बीजेपी की नजर वैश्य वोटरों पर टिक गई है, जिनके बारे में यह सुनने को मिल रहा था कि वैश्य समाज योगी सरकार से खुश नहीं है।

यह नाराजगी वैश्य समाज के बड़े नेता और योगी सरकार में मंत्री राजेश अग्रवाल को योगी कैबिनेट से बाहर किए जाने के बाद और भी बढ़ गई थी। इसके बाद गोरखपुर के होटल में पुलिस की पिटाई से प्रॉपर्टी डीलर मनीष गुप्ता की मौत ने वैश्य समाज की नाराजगी और भी बढ़ा दी। वैश्य समाज ने गुस्से में आकर योगी सरकार, पुलिस प्रशासन के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव तक पारित कर दिया। वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव सुधीर गुप्ता ने कहा कि मनीष की हत्या में जो भी पुलिसकर्मी लिप्त हैं उन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मामले में जब सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हस्तक्षेप किया तब योगी सरकार जागी और कार्रवाई हुई। यूपी में वैश्य आबादी दस प्रतिशत के करीब है। इसमें ज्यादातर व्यापारी वर्ग आता है। व्यापारियों के लिए कानून व्यवस्था हमेशा ही बड़ा मुद्दा रहता है। क्योंकि यह लोग आसानी से लूटपाट करने वालों का शिकार बन जाते हैं। इनके ही साथ अपराध की सबसे अधिक घटनाएं होती हैं।

वैश्य समाज बीजेपी से सवाल पूछ रहा है कि 25 करोड़ की आबादी वाले देश के सबसे बड़े राज्य से एक भी वैश्य समुदाय का व्यक्ति केन्द्र सरकार में मंत्री क्यों नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार में वर्तमान में एक मात्र वैश्य नेता को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है और वो भी महत्वहीन विभाग का ? उत्तर प्रदेश की शीर्ष ब्यूरोक्रेसी के तीन अहम पदों मुख्य सचिव, डीजीपी और अपर मुख्य सचिव गृह के पद पर सत्तारुढ़ भाजपा के सवा चार साल के कार्यकाल में एक भी वैश्य अफसर को जगह नहीं दी गयी? क्या सिर्फ वैश्य समाज का इस्तेमाल भाजपा करेगी? क्या वैश्य समाज का काम सिर्फ भाजपा की बैठकों के लिए दरी और चादर बिछाना है? क्या वैश्य समाज का काम सिर्फ भाजपा नेताओं के लिए बैठक, भोजन और विश्राम की व्यवस्था करनी है? वैश्य समाज का काम सिर्फ भाजपा के लिए चुनावी फंड का इंतजाम करना है? ये ऐसे ज्वलंत सवाल हैं जिनका जवाब वैश्य समाज का युवा भाजपा के दिग्गज नेताओं से जानना चाहता है।

ज्ञातव्य हो कि कभी वैश्य समाज का बीजेपी (जनसंघ) में दबदबा रहता था। जनसंघ काल से हमेशा वैश्यों ने पार्टी का साथ दिया। अकेले यूपी में चन्द्रभानु गुप्ता, बाबू बनारसी दास और राम प्रकाश गुप्ता जैसे दिग्गज वैश्य नेता मुख्यमंत्री बने। जब पहली बार राज्य में कल्याण सिंह की सरकार 1991 में बनी तो वैश्य समाज से 5 कैबिनेट मंत्री बनाये गये। यही हाल दोबारा सत्ता में आयी भाजपा का 1997-2002 के बीच रहा लेकिन अचानक ऐसा क्या हुआ कि 2017 में भाजपा की जीत के आधार स्तंभ रहे वैश्यों को दरकिनार कर दिया गया? चुनिंदा नेताओं को जगह तो मिली लेकिन विभाग महत्वहीन। यह बात वैश्य समाज में अंदर तक घर कर गई है।

बहरहाल, योगी सरकार से वैश्य समाज की नाराजगी का अहसास होते ही सरकार ने अब वैश्य वोटरों को लुभाने के लिए भी गोटे बिछाना शुरू कर दिया है। केंद्रीय और उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल विस्तार में किनारे रहे इस समाज को सम्मान का संदेश देने के साथ-साथ समाजवादी पार्टी के विधायक नितिन अग्रवाल को विधानसभा उपाध्यक्ष बनाने का फैसला भी डैमेज कंट्रोल का एक दांव माना जा रहा है। वैश्य वोटर करीब 120 विधानसभा सीटों पर निर्यायक भूमिका में रहते हैं। इसीलिए योगी सरकार समय रहते वैश्य समाज से नाराजगी दूर कर लेना चाहती है।

इसी क्रम में पिछले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से विधायक चुनकर भारतीय जनता पार्टी के पाले में आए नितिन अग्रवाल को विधानसभा उपाध्यक्ष बनाने की तैयारी है। यह तब हो रहा है जबकि चुनाव के चार-पांच माह ही बाकी बचे हैं। वैसे जानकारों का कहना है कि नितिन को विधानसभा उपाध्यक्ष बनाने का फैसला अचानक नहीं लिया गया है। इसकी सुगबुगाहट तभी सुनाई देने लगी थी, जब विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दिक्षित ने समाजवादी पार्टी की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उसने नितिन की विधानसभा सदस्यता खत्म करने की सिफारिश की थी। पार्टी का तर्क है कि नितिन अग्रवाल के पिता पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल से तब किए गए वादे को पूरा किया जा रहा है, जबकि माना यह भी जा रहा है कि मनीष हत्याकांड से वैश्य समाज की नाराजगी को देखते हुए यह कुर्सी नितिन को सौंपी जा रही है। चर्चा यह भी है कि सत्ताधारी दल वैश्य समाज के कुछ बड़े नेताओं को पार्टी में शामिल करा सकता है। साथ ही विधानसभा चुनाव में इस वर्ग को टिकट भी पहले की तुलना में कुछ अधिक दिए जा सकते हैं। उधर, वैश्य समाज की नाराजगी भांपने के लिए बीजेपी 14 नवंबर को वैश्यों का बड़ा समागम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में करा रही है। इसके आयोजक खुद नितिन अग्रवाल होंगे, जोकि व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, जबकि मुख्य वक्ता व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल और भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल होंगे।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना आखिर क्यों भारत के लिए एक युगान्तकारी घटना है ?

राकेश सैन

आज विजयादशमी को देश 97वीं जयन्ती मना रहा है। देश के इतिहास में संघ की स्थापना एक युगान्तकारी घटना कही जा सकती है जिसने देश व देशवासियों को अपने मूल से जोड़ने व पुनीत्थान का काम किया है। प्राचीन काल से चले आ रहे अपने राष्ट्रजीवन पर यदि हम एक सरसरी नजर डालें तो यह बोध होगा कि समाज के धर्मप्रधान जीवन के कुछ संस्कार अनेक प्रकार की आपत्तियों के उपरान्त भी अभी तक दिखाई देते हैं। यहाँ धर्म-परिपालन करने वाले, प्रत्यक्ष अपने जीवन में उसका आचरण करने वाले तपस्वी, त्यागी एवं ज्ञानी व्यक्ति एक अखण्ड परम्परा के रूप में उत्पनन होते आए हैं। उन्हीं के कारण अपने राष्ट्र की वास्तविक रक्षा हुई है और उन्हीं की प्रेरणा से राज्य-निर्माता भी उत्पनन हुए। डॉ. हेडगेवार जी का मानना था कि लौकिक दृष्टि से समाज को समर्थ बनाने में तभी सफल हो सकेंगे, जब उस प्राचीन परम्परा को हम लोग युगानुकूल बना, फिर से पुनरुज्जीवित कर पाएं। इस युग में जिस परिस्थिति में हम रहते हैं, ऐसे एक-एक, दो-दो, इधर-उधर बिखरे, पुनीत जीवन का आदर्श रखने वाले उत्पनन होकर उनके द्वारा धर्म का ज्ञान, धर्म की प्रेरणा देने मात्र से काम नहीं होगा। आज के युग में तो राष्ट्र की रक्षा और पुनःस्थापना करने के लिए यह आवश्यक है कि धर्म के सभी प्रकार के सिद्धान्तों को अन्तःकरण में सुव्यवस्थित ढंग से ग्रहण करते हुए अपना ऐहिक जीवन पुनीत बना कर चलने वाले और समाज को अपनी छत्र-छाया में लेकर चलने की क्षमता रखने वाले असंख्य लोगों का सुव्यवस्थित और सुदृढ़ जीवन एक सच्चरित्र, पुनीत, धर्मश्रद्धा से परिपूरित शक्ति के रूप में प्रकट हों और वह शक्ति समाज में सर्वव्यापी बनकर खड़ी हो। यह इस युग की आवश्यकता है। डॉ. हेडगेवार चाहते थे कि इस कार्य में सम्पूर्ण समाज लगे और समाज को इस काम के लिए प्रेरित, प्रशिक्षित करने का काम वह स्वयंस्फूर्त व्यक्ति करे जिसे स्वयंसेवक कहते हैं।

डॉक्टरजी ने 12-14 वर्ष आयु के किशोरों को साथ लेकर हिन्दू समाज के संगठन कार्य शुरू किया। संघ में हिन्दू शब्द का प्रयोग उपासना, पन्थ, मजहब या रिलिजन के नाते नहीं होता, इसलिए संघ एक धार्मिक संगठन नहीं है। हिन्दू एक जीवन दृष्टि और जीवन पद्धति है, इस अर्थ में संघ में हिन्दू शब्द का प्रयोग होता है। सवीच्च न्यायालय ने भी एक महत्त्वपूर्ण निणन्य में कहा है कि हिन्दुत्व एक जीवन पद्धति है। सत्य एक है, उसे बुलाने के नाम अनेक हो सकते हैं, पाने के मार्ग भी अनेक हो सकते हैं, वे सभी समान हैं, यह मानना भारत की जीवन दृष्टि है और यही हिन्दू जीवन दृष्टि है। एक ही चैतन्य अनेक रूपों में अभिव्यक्त हुआ है। इसलिए सभी में एक ही चैतन्य विद्यमान है, विविधता में एकता यह भारत की जीवन दृष्टि है। इस जीवन दृष्टि को मानने वाला, भारत के इतिहास को अपना मानने वाला, यहाँ के जीवन मूल्यों को अपने आचरण से समाज में प्रतिष्ठित करने वाला और इनकी रक्षा हेतु त्याग और बलिदान करने वाले को अपना आदर्श मानने वाला हर व्यक्ति हिन्दू है, फिर उसका उपासना पन्थ चाहे जो हो। संघ का साफ मानना है कि भारत में रहने वाला ईसाई या मुस्लिम बाहर से नहीं आया है। वे सब यहीं के हैं। हमारे सब के पुरखे एक ही हैं, किसी कारण से मजहब बदलने से जीवन दृष्टि नहीं बदलती है। इसलिए उन सभी की जीवन दृष्टि भारत की याने हिन्दू ही है। संघ केवल एक व्यक्ति की उपज नहीं बल्कि इसके विकास व स्थापना में सम्पूर्ण समाज का सहयोग साफ झलकता है। संगठन का नाम क्या हो, किसी ने 'शिवाजी संघ' नाम सुझाया तो किसी ने 'जरीपटका मण्डल' और किसी ने 'हिन्दू स्वयंसेवक संघ' किन्तु अन्त में नाम निश्चित हुआ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ। संघ की प्रार्थना के सम्बन्ध में भी यही हुआ। संघ प्रार्थना संघ की स्थापना के 15 वर्षों बाद तैयार की गई। पहले मराठी और हिन्दी में दो श्लोक मिलाकर प्रार्थना की जाती थी। हिन्दी श्लोक में एक पंक्ति इस प्रकार थी, 'शीघ्र सारे दुर्गुणों से मुक्त हमको कीजिए।' इसमें जो नकारात्मक, निराशा का भाव है, वह डॉक्टरजी को पसन्द नहीं आया। अतः उसके स्थान पर 'शीघ्र सारे सद्गुणों से पूर्ण हिन्दू कीजिए' पंक्ति स्वीकार की गई। इससे यही स्पष्ट होता है कि डॉक्टर जी का मौलिक चिन्तन कितना सूक्ष्म और मूलग्राही था। संघ के उत्सवों के चयन व गुरु परम्परा में भी इस चिन्तन की झलक मिलती है। हिन्दू समाज में गुरु परम्परा हजारों वर्षों से चली आ रही है। डॉक्टरजी भी उसी परम्परा अनुसार स्वयं गुरुस्थान पर आरुढ़ होते तो कोई उन्हें दोष नहीं देता। अपनी जयजयकार सुनकर भला किसका मन प्रफुल्लित नहीं होता? किन्तु उन्होंने कहा कि परमपवित्र भगवा ध्वज ही हमारा गुरु है। कोई भी कार्य करना हो तो थोड़ा बहुत धन आवश्यक होता है परन्तु इस मामले में भी संघ की स्थिति अलग रही है। प्रारम्भ में चन्दा एकत्रित कर यह खर्च वहन किया जाता, किन्तु आगे चलकर कार्यकर्ताओं ने ही स्वयं विचार किया कि यदि हम इसे अपना ही कार्य मानते हैं तो फिर इसका खर्च स्वयं ही क्यों न वहन करें ? फिर, प्रशन उठा कि हम जो पैसा दें उसके पीछे दृष्टि और मानसिकता क्या हो ? डॉक्टरजी ने कहा, हमें कृतज्ञता और निरपेक्षबुद्धि से यह देना चाहिए। इस प्रकार संघ में गुरुदक्षिणा की पद्धति प्रारम्भ हुई। पहले वर्ष नागपुर शाखा की गुरुदक्षिणा केवल 84 रु. हुई।

हेडगेवार जी ने हिन्दू समाज के संगठन कार्य शुरू किया था। संघ में हिन्दू शब्द का प्रयोग उपासना, पन्थ, मजहब या रिलिजन के नाते नहीं होता, इसलिए संघ एक धार्मिक संगठन नहीं है। हिन्दू एक जीवन दृष्टि और जीवन पद्धति है, इस अर्थ में संघ में हिन्दू शब्द का प्रयोग होता है। चिकित्सा क्षेत्र में मुख्यतः दो पद्धतियां प्रचलित हैं जिसमें एलोपैथी तत्काल राहत तो देती है परन्तु स्थाई स्वास्थ्य नहीं परन्तु आयुर्वेदिक पद्धति बीमारी को जड़ से खत्म करती है। बात उस समय की है जब देश स्वतन्त्रता के लिए संघर्षरत था और देशवासियों के सामने दो मार्ग थे, एक तो क्रान्ति का जिससे तत्काल स्वतन्त्रता मिल सकती थी और दूसरा मार्ग था व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का। राष्ट्र निर्माण यानि एक ऐसे समाज का निर्माण किया जाए जो स्वतन्त्रता तो प्राप्त करे ही परन्तु अपनी उन कमियों का भी निराकरण करे जिसके चलते देश को बार-बार विदेशी दासता का मुंह देखना पड़ा। देश के महान स्वतन्त्रता सेनानी डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने देश की तत्कालीन परिस्थितियों व इतिहास का गहन अध्ययन किया और उन्होंने पाया कि जब तक समाज का निर्माण, देशवासियों में आत्मगौरव का भाव, संगठन शक्ति का विकास और समर्पण भाव पैदा नहीं होगा तब तक अगर हम स्वतन्त्रता प्राप्त कर भी लेते हैं तो वह स्थाई नहीं होगी। राष्ट्रीय गुणों के अभाव में एक शक्ति जाएगी तो कोई दूसरी आ कर देश पर फिर से कब्जा कर लेगी, जैसा कि पिछली कई शताब्दियों से होता भी आ रहा था। किसी सफल राष्ट्र के लिए अनिवार्य इन्हीं गुणों के विकास के लिए डॉ. हेडगेवार ने जिस संगठन की नींव रखी उसका नाम है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसकी

# आईएएस के सपने आंखों में, लेकिन डिप्रेशन उसपर भारी

प्रीतंभरा प्रकाश

बीते रविवार (10 अक्टूबर) को देशभर में यूपीएससी सिविल सर्विसेज प्रीलिम्स एग्जाम हुए। और इसके ठीक दो दिन पहले शुक्रवार को राजेंद्र नगर में आईएएस परीक्षाओं की तैयारी में जुटी एक छात्रा पंखे से झूलकर इस दुनिया को विदा कह गई। उनकी फैमिली ने बताया कि वह 'एग्जाम प्रेशर' में थीं। मानसिक तनाव और डिप्रेशन के फेज तो हर तरह की प्रतियोगिता परीक्षा में हैं, पर आईएएस बनने का दबाव थोड़ा-सा अलग है। कुछ छात्रों और एक्सपर्ट्स से जानते हैं इस बारे में : 'जब पहला लॉकडाउन लगा था, तब 51 दिनों में सारे लोग परेशान हो गए थे। पर मेरी जिंदगी पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ा। क्लासेज पूरी हो गई हैं, सेल्फ स्टडी में जो शिड्यूल है, वो लॉकडाउन जैसा ही तो है। बस खाना, सोना और पढ़ना। दिल्ली में रहकर सिविल सर्विसेज की तैयारी करते-करते 7 साल हो गए हैं, अब किसी परिचित-रिश्तेदार से मिलते-जुलते या फोन पर बात करते भी अच्छा नहीं लगता। क्योंकि हर कोई रिजल्ट के बारे में ही सवाल करता है।' यह बताते हैं दिव्यांशु। घर-परिवार से कटकर रहने की प्रॉब्लम अनुश्री की भी है। बताती हैं, कुछ दिनों पहले कजन की शादी थी। बहुत क्लोज थी उससे बचपन से ही, फिर भी नहीं गई। क्योंकि वहां सारे रिश्तेदार आते और यही पूछते कि अब कितने अटेम्प्ट बाकी हैं कोई शादी कर लेने की सजेशन देता तो कोई कहता कि कोई प्राइवेट जॉब कर लो।

4 सालों से तैयारी कर रहे योगेश का कहना है, मुझ जैसे ज्यादातर छात्रों की समस्या एक जैसी ही है। 30 पार कर चुके हैं। घरवाले शादी के लिए दबाव बना रहे हैं। ग्रैजुएशन के अलावा कोई और डिग्री नहीं है। ऐसे में कुछ लोग सिलेक्शन न होने पर टूट जाते हैं, बिखर जाते हैं। क्योंकि आपमें चाहे कितनी भी काबिलियत हो, सामनेवाला आपको यूपीएससी रिजल्ट के आधार पर ही जज करता है। योगेश कहते हैं, कुछ साथी ऐसे भी हैं, जो कोचिंग में एडमिशन लेते ही खुद को भावी डीएम की तरह देखने लगते हैं। अपनी एक दुनिया मन में बसा लेते हैं। लेकिन जब धक्के से उस दुनिया से बाहर निकलना पड़ता है तो औंधे मुंह गिर जाते हैं। इसलिए मैं हमेशा एक्स्ट्रा ऑप्शन लेकर चलता हूं। अगर यूपीएससी नहीं तो यूपीपीसीएस सही, वो भी नहीं तो टीचिंग। इस बारे में निर्माण आईएएस के डायरेक्टर कमलदेव का कहना है, 'स्ट्रेस तो हर तरह की प्रतियोगिता परीक्षा में है, लेकिन यूपीएससी में थोड़ा ज्यादा है, क्योंकि सिलेक्ट होते ही आप अर्श से भी ऊपर चलते जाते हैं और चयन ना होने पर फर्श से भी नीचे। फिर छात्र ऐसे उदाहरण भी लगातार देखते रहते हैं कि उनके साथ पढ़नेवाले सिलेक्ट हो रहे हैं, ऐसे भी, जो पढ़ाई में उनसे कमतर थे। इससे उनकी हताशा बहुत बढ़ जाती है। वैसे भी साल 2013 के बाद से हिंदी माध्यम वाले स्टूडेंट्स का रिजल्ट 2 प्रतिशत ही आ रहा है, इसलिए हिंदीभाषी इलाकों के छात्रों में डिप्रेशन बढ़ा है। उनके सामने ऐसे छात्रों का उदाहरण होता है, जो दो-तीन साल यूएसए में जॉब करके वापस आईएएस की परीक्षा में बैठ रहे हैं। ऐसे प्रफेशनली क्वॉलिफाईड छात्रों के सामने उनका आत्मविश्वास डगमगा जाता है। कमलदेव सुझाव देते हैं, यूपीएससी को शॉर्ट टर्म सफलता मानकर न चलें। 4-5 साल का टाइम लेकर ही यहां कदम रखें। सबसे जरूरी है कि अपना सेल्फ असेसमेंट करें। किसी की देखादेखी या पैरंट्स के कहने पर आईएएस बनने के बारे में न सोंचें। अपने अंदर की आवाज सुनें। छोटे शहर से दूर महानगर में आए हैं तो दो-तीन अच्छे दोस्त जरूर बनाएं, जिन्हें अपने मन की बात बता सकें। अकेलापन बहुत ज्यादा है इस सफर में। सोशल मीडिया पर भी समय बिताएं, लेकिन वहां भी पॉजिटिव चीजें ही देखें। वहां अक्सर छात्र ऐसी चीजें देख लेते हैं, जिससे उनका अवसाद बढ़ जाता है। इससे बचना होगा। मेरा मानना है कि जो भी छात्र शहरों में आईएएस कोचिंग करने आ रहे हैं, उनकी साइकोलॉजिकल काउंसिलिंग बहुत जरूरी है। चाहे पढ़ाई में उसका स्तर जैसा भी हो, लेकिन साइकोलॉजिकल हेल्प उसके लिए मौजूद हो।

मुझे तीन साल हो गए तैयारी करते हुए। पिछले साल मैं डिप्रेशन में चली गई थी। अभी भी मेरी डिप्रेशन की दवाइयां चल रही हैं। साइकायट्रिस्ट ने सलाह दी, कूल रहो और पढ़ाई के साथ नींद पूरी करो। संडे को समय निकालकर दोस्तों से मिलती हूं, ताकि अकेलापन महसूस न हो। -रितु हर किसी की फैमिली में कोई ऐसा होता है जो पेशेंस से आपकी बात सुनता है, आपको समझता है। उसी से लगातार बात करते रहनी चाहिए। मैं ऐसा ही करती हूं। योग, मेडिटेशन, वॉक और मनपसंद म्यूजिक- ये सब मैंने कंटीन्यू कर रखा है। -मानसी मैं पढ़ाई के साथ जॉब भी कर रहा हूं, इससे परिवार का दबाव थोड़ा कम हो जाता है। क्योंकि 3-4 साल के बाद पैसे भेजने में किसी भी परिवार को दिक्कत आती है। ज्यादातर छात्र ऐसे ही कारणों से स्ट्रेस में रहते हैं। -मनोज सिविल सर्विसेज की तैयारी करनेवाले छात्रों के ऐसे मेसेज मुझे बार-बार आते हैं, 'मैम, मैं सबको बनकर आईएएस दिखा दूंगा/दूंगी। सबको प्रूव करना है मुझे।' सोचने का यही तरीका स्ट्रेस का कारण है। रिश्तेदार, दोस्त कहेंगे, 'वाह, वो आईएएस बन गया।' ये सोचकर नहीं, अपनी भावनात्मक संतुष्टि के लिए आईएएस बनिए। जैसे ही आपको लगता है कि वाहवाही नहीं मिलेगी, डिप्रेस होने लगते हैं। जब थॉट प्रॉसेस ही खराब किया हुआ है तो एग्जाम तो खराब होगा ही। आईएएस बनना थॉट प्रोसेस का ही तो इम्तिहान है। दूसरों की नजर में खुद को मत तौलिए। एक और सबसे बड़ी गलती यही है कि छात्र अपना सारा फ्यूचर इसी में लगा देते हैं। फिर जब कई प्रयासों के बाद सफलता नहीं मिलती तो सबसे मिलने-जुलने में शर्म आने लगती है और वहीं से डिप्रेशन की शुरुआत हो जाती है। ये तो सबको मालूम है कि इस एग्जाम में बहुत कम लोग सिलेक्ट होंगे। क्योंकि कोई तयशुदा मार्क्स तो लाने नहीं, बस आपको दूसरों से बेहतर करना होता है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप बाकी चीजें भी कर लो जिंदगी में, एग्जाम क्लियर करने तक सीमित न रखो खुद को। फिर ये भी है कि बस एग्जाम क्लियर करने का दबाव रहता है, कोई ये नहीं प्लान करता कि वो किस तरह के अफसर बनेंगे। पेपर क्लियर करना तो बहुत छोटी सी बात है। एग्जाम के बाद की जिंदगी में कई पड़ाव हैं, जो आपकी शख्सियत को आजमाते हैं। तो फोकस अपनी पर्सनैलिटी पर कीजिए, खुश रहने पर कीजिए, पढ़ाई अपने आप हो जाएगी।

# भाषाएं कहीं महज बोलियों में न बदल जाएं

जमील गुलरेज

पिछले दिनों पाकिस्तान से उर्दू को लेकर एक खबर सामने आई। खबर कुछ यूं थी, 'पाक सुप्रीम कोर्ट ने उर्दू को लेकर इमरान खान को लगाई फटकार।' खबर को परखने पर पता चला कि, 'सुप्रीम कोर्ट ऑफ पाकिस्तान ने उर्दू को सरकारी जबान लागू न करने पर संघीय सरकार से जवाब तलब किया। जस्टिस उमर अता बंदियाल ने रिमार्क्स दिए कि मादरी और कौमी जबान के बगैर हम अपनी पहचान खो देंगे। कोर्ट ने पंजाबी जबान को लागू न करने पर पंजाब हुकूमत से भी जवाब तलब कर लिया। जस्टिस बंदियाल ने अपने रिमार्क्स में यह भी कहा कि संविधान के आर्टिकल 251 में कौमी जबान के साथ-साथ मुकामी जबानों का भी उल्लेख है, और हमें भी अपने पूर्वजों की तरह फारसी और अरबी पढ़नी चाहिए। इस खबर को पढ़ने के बाद पक्का यकीन हो गया कि 1947 में हमारे बीच लकीर जरूर खींच दी गई, उसके बाद हम दोनों एक दूसरे के जानी दुश्मन भी बन गए हैं, लेकिन हमारी रगों में दौड़ता खून हमसे हरकतें तो एक जैसी करा रहा है। सारी बातों को छोड़, आज हम सिर्फ भाषाओं के प्रति अपनी बेदर्दी और बेरहमी की ही बात करेंगे। हमारी पिछली तीन पीढ़ियां लगातार अंग्रेजी में ही पढ़ती-लिखती आ रही हैं, बोलतीं भले ही वे अपनी मातृभाषा हों, लेकिन पढ़ने लिखने के स्तर पर वे लगातार मातृभाषाओं से दूर होती जा रही हैं। अगर यही हाल रहा तो अगले सत्तर-अस्सी बरसों में हमारी जबानें बोलियां बन के रह जाएंगी। पाकिस्तान में जब हम उर्दू पर नजर दौड़ाते हैं तो हमें जनाब अनवर मकसूद का कथन याद आ जाता है, 'पाकिस्तान में उर्दू का वही हाल है जो भारत में अंग्रेजी का। आती किसी को नहीं, बोले हर कोई जा रहा है।' भाषाएं कैसे केवल 'बोलियां' बनकर रह जाती हैं, इसका जीता जागता प्रमाण सिंधी भाषा है। जब हम स्कूल जाया करते थे, तब उर्दू जबान के स्कूलों के साथ सिंधी भाषा के स्कूल भी होते थे। वक्त के साथ सिंधी जबान के स्कूल गायब होते गए, और सिंधी लिखने और पढ़ने वाले लुप्त होते गए। अपने स्कूल के जमाने में जो सिंधी जबान हमारी नजरों से गुजरती थी, वह उर्दू जैसी लिपि में नजर आती थी। जानकार कहते हैं एक जमाने में सिंधी, अरबी और देवनागरी दोनों लिपियों में लिखी जाती थी। लेकिन धीरे-धीरे अरबी लिपि का जोर नजर आने लगा।

पाकिस्तान में आज भी ये जबान अरबी लिपि में ही नजर आती है, लेकिन अंग्रेजी के प्रभाव के कारण अब बच्चे इसे ज्यादातर रोमन में ही लिखते पढ़ते हैं। यही हाल लगभग सारी जबानों का है। पाकिस्तान में भी अब ज्यादातर ऊंचे तबके के लोग अपने बच्चों को अंग्रेजी ही पढ़ा रहे हैं, और उनकी देखा-देखी हर किसी की आरजू होती है कि उनका बच्चा अंग्रेजी पढ़े और फर्र-फर्र अंग्रेजी बोले। भारत में भी लगातार भारतीय भाषाओं के स्कूल बंद होते जा रहे हैं, और अंग्रेजी स्कूलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हमारा खून एक है, हमारी आदतें एक हैं। ये बात भाषाओं की दुर्दशा को देख कर साफ-साफ कही जा सकती है। जिस पंजाबी जबान का जिक्र पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने किया है, वह भी उर्दू लिपि में ही लिखी जाती है। यह बात मैं इतने दावे से इसलिए कह सकता हूं क्योंकि फैज अहमद फैज का समग्र, 'नुस्खा-ए-वफा' मेरे सामने है, और मैं उनकी पंजाबी नज्में उर्दू लिपि में पढ़ रहा हूं। भाषा को लेकर दोनों देशों की अदालतों की चिंताएं एक जैसी ही हैं। पिछले हफ्ते ही सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के चीफ जस्टिस एनवी रमना ने भी अदालतों के भारतीयकरण पर जोर दिया। भारतीयकरण से उनका मतलब अदालतों में हिंदी सहित स्थानीय भाषाओं के प्रयोग से था। उन्होंने साफ कहा कि अदालतों में अधिकतर अंग्रेजी ही चल रही है। जब दोनों मुल्कों की अदालतें अपनी भाषाओं को सहेजना चाहती हैं, तो ऐसे में हिंदुस्तान और पाकिस्तान दोनों को ही इस मसले पर गौरो-फिक्र करना होगा, वरना हावी होती अंग्रेजियत आने वाली पीढ़ियों से उसकी भाषा ही छीन लेगी। यह बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि जो कौमें अपनी भाषाओं को भुला देती हैं, उनके संस्कार भी धीरे-धीरे मिट जाते हैं।

# अफगान लेग स्पिनर राशिद खान ने बताया, टी20 वर्ल्ड कप में क्या होगा स्पिनरों का रोल


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान को भरोसा है कि टी-20 वर्ल्ड कप में भी स्पिन गेंदबाजों का ही बोलबाला रहेगा। अफगानिस्तान के लिए दूसरा टी-20 वर्ल्ड कप खेल रहे राशिद ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के इन तीनों ही स्थानों की पिच स्पिन गेंदबाजों के लिए मुफीद रहेगी।

आईपीएल में राशिद की टीम सनराइजर्स हैदराबाद अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी, लेकिन गेंद के साथ राशिद का प्रदर्शन अच्छा रहा था। युजवेंद्र चहल और वरुण चक्रवर्ती के साथ संयुक्त तौर पर राशिद सबसे ज़्यादा विकेट (18) लेने वाले स्पिनर रहे थे। आईपीएल 2020 में भी चहल और राशिद दोनों ही सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ों की फ़ेहरिस्त में टॉप 10 में रहे थे।राशिद ने कहा, 'स्पिनर्स के लिए यहां हमेशा ही हालात फायदेमंद रहते हैं और मुझे लगता है ये स्पिनरों का विश्वकप होगा। विकेट किस तरह से बनाए जाते हैं, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि ये हमेशा ही स्पिन गेंदबाजों के लिए मुफीद होने वाली हैं। इस विश्वकप में स्पिनर्स की भूमिका बेहद अहम होने वाली है। जैसा कि हमने आईपीएल में देखा था कि हर बार स्पिनर्स ही टीम को वापसी दिला रहे थे। मुझे लगता है कि इस विश्वकप में भी यही तस्वीर रहेगी, टीम के बेहतरीन स्पिनर ही अपने देश को मैच में वापस लाएंगे या जीत दिलाएंगे।'

यूएई में आईपीएल के दोनों ही सीज़न पर नज़र डालें तो साफ दिखता है कि यहां स्पिन गेंदबाज़ों का वर्चस्व रहता है। दुबई में स्पिनरों के नाम कुल विकेटों का 30.80 हिस्सा है, तो शारजाह में 31.10 और अबू धाबी में तो कुल विकेटों का 32.1 प्रतिशत स्पिन गेंदबाजों के नाम रहा है।

राशिद ने अपनी बातों को आगे बढ़ाते हुए कहा कि ग्रुप-2 में जहां उनके साथ भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड भी शामिल हैं, वह उनके सामने अच्छा करने की चुनौती होगी क्योंकि इन सभी टीमों में स्पिन को अच्छा खेलने वाले बल्लेबाज़ मौजूद हैं, इसलिए उन्हें ज़्यादा मेहनत करनी होगी। 2016 टी-20 विश्वकप में अफगानिस्तान ने सुपर 10 में जगह तो बना ली थी लेकिन वहां उन्हें सिर्फ एक ही जीत मिली थी। अफगानिस्तान टीम का ऐलान होने के तुरंत बाद ही राशिद ने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था।

# भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट रिश्ते को लेकर पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा ने कहा- हमें बीसीसीआई के साथ मधुर संबंध बनाने की जरूरत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा ने भारत और पाकिस्तान के बीच बाइलेटरल सीरीज शुरू होने को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट के रिश्ते को फिर से ब?हाल करने के लिए दोनों बोर्ड को मिलकर काम करना होगा। रमीज राजा ने साथ ही कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच फिर से बाइलेटरल सीरीज सीरीज शुरू करने के लिए पीसीबी को बीसीसीआई के साथ क्रिकेट संबंध मजबूत करने होंगे। रमीज राजा के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच फिर से क्रिकेट शुरू करने के लिए राजनीति को अलग रखना होगा। बता दें कि भारत और पाकिस्तान पिछले कुछ वर्षों से एक दूसरे से बाइलेटरल सीरीज नहीं खेल रहे हैं। वे केवल आईसीसी टूर्नामेंट्स में ही एक-दूसरे के खिलाफ खेल रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम को रविवार से शुरू हुए टी-20 वर्ल्ड कप में अपना पहला मुकाबला 24 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ ही खेलना है।

पीसीबी की ऑफिशियल वेबसाइट से बातचीत में रमीज राजा ने कहा कि एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) की मीटिंग से इतर उनकी बीसीसीआई के टॉप अफिशियल्स सौरव गांगुली और जय शाह से बातचीत हुई थी। उन्होंने कहा, ' भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट बहाल करने के लिए काफी काम किया जाना बाकी है। दोनों देशों को उसके लिए एक प्लेटफॉर्म पर आना होगा और उन्हें एक दूसरे पर भरोसा करना होगा। इसके बाद हम देखेंगे कि ये मामला कहां तक जा सकता है। ओवरऑल हमारे बीच काफी अच्छी बातचीत हुई है। एसीसी बैठक से इतर मैंने सौरव गांगुली और जय शाह से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच फिर से क्रिकेट रिश्ते बहाल करने के लिए हमें बीसीसीआई के साथ क्रिकेट संबंध मजबूत करने होंगे। लेकिन साथ ही मेरा मानना यह भी मानना है कि राजनीति को खेल से दूर रखा जाना चाहिए।'

एसीसी की बैठक में इस बात का फैसला किया गया कि 2023 में खेले जाने वाले एशिया कप पाकिस्तान में होगा और यह 50 ओवर के फॉर्मेट में खेला जाएगा। रमीज राजा ने बताया कि 2023 में होना वाला एशिया कप विश्व कप से ठीक पहले यानी सितंबर के महीने में होगा। एशिया कप का आयोजन 2021 में होना था, लेकिन कोरोना की मार के चलते इसको साल 2023 तक के लिए टाल दिया गया था। पीसीबी अध्यक्ष ने भले ही कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में होगा लेकिन अगर वर्तमान राजनीतिक तनाव बरकरार रहता है तो भारत की अपने पड़ोसी देश का दौरा करने की संभावना न के बराबर है। ऐसी स्थिति में 2018 की तरह टूर्नामेंट का आयोजन दुबई में किया जा सकता है।

# भारत-पाकिस्तान टी20 मैच पर बोले वीरेंद्र सहवाग- सबको पता है रिजल्ट क्या होगा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत के साथ ही सभी की निगाहें 24 अक्टूबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होने वाले भारत-पाकिस्तान के महामुकाबले पर लगी हुई है। पाकिस्तान अभी तक किसी भी विश्व कप में भारत को नहीं हरा पाया है, चाहे वो 50-ओवर का हो या टी 20 फॉर्मेट का। भारतीय टीम अब वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 13-0 तक बढ़ाना चाहेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले रोमांचक मुकाबले से पहले, पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि जब भी ये दोनों टीमें एक साथ आती हैं, तो बहस, चर्चा और फैन्स के बीच जुबानी जंग की कोई कमी नहीं होती है। सहवाग ने एबीवी न्यूज के 'विश्व विजेता' शो में कहा, ' हम पिछले इतने सालों से एक ही बात सुन रहे हैं। और हमेशा एक ही चीज होता है कि यह एक बहुत बड़ा गेम है। यह विषय हमेशा चर्चा में रहता है कि पाकिस्तान ने विश्व कप में भारत के खिलाफ एक भी मैच नहीं जीता है और इस बार भी क्या वह जीत सकता है, इस बारे में बहस भी वही है। लेकिन अगर हम मौजूदा परिदृश्य और इस प्रारूप के बारे में बात करते हैं तो मुझे लगता है कि यह वह जगह है जहां पाकिस्तान के पास हमेशा अधिक मौके होते हैं क्योंकि वे 50 ओवर के लंबे प्रारूप में अच्छा नहीं खेल सकते हैं। इस फॉर्मेट में एक भी खिलाड़ी किसी भी टीम को हरा सकता है। लेकिन फिर भी, पाकिस्तान ऐसा नहीं कर पाया है, हम देखेंगे कि 24 तारीख को क्या होता है।'

1992 के बाद से, भारत और पाकिस्तान 12 बार वर्ल्ड कप में आमने-सामने हुए हैं, जिसमें से भारत का वनडे में 7-0 और टी-20 में 5-0 का रिकॉर्ड रहा है। पाकिस्तान कभी भी भारत को बड़े मंच पर क्यों नहीं हरा पाया है और सहवाग का मानना है कि मेन इन ब्लू ने हमेशा दबाव को संभाला है और उसने पाकिस्तान जैसा कमेंटस करने से परहेज किया है। सहवाग ने कहा, 'अगर मैं 2003 वर्ल्ड कप और 2011 वर्ल्ड कप के बारे में बात करूं तो हम कम दबाव में थे क्योंकि हमारी पोजिशन पाकिस्तान से अच्छी थी।

मेरी राय ये है कि हम कभी भी बड़े-बड़े बयान नहीं देते हैं। वहीं पाकिस्तान की तरफ से हमेशा काफी बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं जैसा उस एंकर ने कहा कि इस बार हम तारीख बदल देंगे। भारत कभी भी ये चीजें नहीं कहता है क्योंकि उनकी तैयारी काफी अच्छी होती है। जब आप अच्छी तैयारी के साथ जाते हैं तो फिर आपको पता होता है कि रिजल्ट क्या रहने वाला है।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में बाबर आजम की खेलभावना ने जीता दिल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में सोमवार को पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच प्रैक्टिस मैच खेला गया। इस प्रैक्टिस मैच में पाकिस्तान ने बैट और बॉल से जबर्दस्त खेल दिखाते हुए सात विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने एकदम एकतरफा अंदाज में डिफेंडिंग चैंपियन वेस्टइंडीज को धूल चटाई।

इस मैच के दौरान पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने ऐसा कुछ किया, जिसके लिए उनकी खेलभावना की खूब तारीफ हो रही है। दरअसल कैरेबियाई बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर 14.5 ओवर में आउट दिए गए, लेकिन बाबर ने अपनी अपील वापस ले ली। प्रैक्टिस मैच में डीआरएस का ऑप्शन नहीं होता है, हसन अली की गेंद पर हेटमायर को कॉट बिहाइंड आउट दिया गया। अंपायर के फैसले से हेटमायर बिल्कुल भी खुश नहीं दिखे। उन्हें पूरा यकीन था कि गेंद उनके बल्ले से लगकर नहीं गई है। रिव्यू नहीं होने के नाते अंपायर के फैसले के बाद वह मैदान से बाहर लौटने लगे, तभी बाबर आजम ने उन्हें वापस बुला लिया और आउट की अपील वापस ले ली। इस तरह से हेटमायर क्रीज पर वापस लौटे। हेटमायर उस समय 9 रन बनाकर खेल रहे थे।

इसके बाद हेटमायर 18.4 ओवर में 24 गेंद पर 28 रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में सात विकेट पर 130 रन बनाए और पाकिस्तान ने 15.3 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया था। पाकिस्तान ने यह मैच सात विकेट से जीता।

# शहीद शुलभ उपाध्याय के स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** ज्ञानपुर क्षेत्र के बैरा निवासी शहीद शुलभ उपाध्याय के स्मृति में आगामी 21 नवम्बर को जिलास्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता कक्षा सात से कक्षा बारहवीं तक के छात्र छात्राएं शामिल हो सकते है। इस प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में कक्षा दस से बारहवीं तथा जूनियर ग्रुप में कक्षा सातवीं से नौवीं तक के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में शहीद शुलभ उपाध्याय, भदोही जनपद और सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रशन होंगे। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के आयोजक संतोष तिवारी और अंकित पाण्डेय ने बताया कि पूरी प्रतियोगिता शहीद शुलभ उपाध्याय के पिता अशोक उपाध्याय के मार्गदर्शन और संरक्षण में होगी। इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए भदोही की जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के तरफ से अनुमति मिल गई है। इस प्रतियोगिता का आयोजन शहीद शुलभ उपाध्याय की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है।

## अद (एस) के जिला महासचिव ने दिया इस्तीफा

**भदोही।** अपना दल (एस) के जिला महासचिव विंध्यवासिनी उपाध्याय एडवोकेट ने मंगलवार को अपने पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना त्याग पत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेज दिया। उन्होंने दिए गए त्याग पत्र में कहा कि बहुत दिनो से मै देख रहा हूं कि अपना दल (एस) एक विशेष जाति की पार्टी बनकर रह गई है। जिसमें सवर्ण समाज का पूर्ण शोषण होता है। भदोही में पार्टी को संजीवनी देने वाले युवा नेता डीएम सिंह गहरवार इसी कारण से त्याग पत्र दिए थे। कल एक वीडियो वायरल हुआ जिसमे पकौड़ी लाल कोल जो सोनभद्र के सांसद है। उन्होंने ब्राह्मणों और ठाकुरों को मंच से गाली दिया। इसलिए मै पार्टी से त्याग पत्र देता हूं।

# 'कैप्टन कूल' धोनी और 'यूनिवर्स बॉस' गेल की मुलाकात पर फैन्स बोले- टू सिक्सर किंग इन वन फ्रेम




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2021 की समाप्ति के बाद यूएई में टी20 वर्ल्ड कप का आगाज हो चुका है। कई टीमें इस समय अपने क्वालीफायर मुकाबले खेल रही हैं तो वहीं, बड़ी टीमें वॉर्म-अप मैच खेल रही हैं। भारत ने सोमवार को खेले गए अपने पहले प्रैक्टिस मैच में इंग्लैंड को सात विकेट से धूल चटाकर धमाकेदार अंदाज में अपने मिशन की शुरुआत की। भारत के अलावा वेस्टइंडीज ने भी पाकिस्तान के खिलाफ अपना वॉर्म-अप मैच खेला, जिसमें कैरेबियाई टीम को सात विकेट से शिकस्त खानी पड़ी। ये दोनों ही मुकाबले एक ही मैदान पर थे और इस दौरान भारत और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का मिलना स्वभाविक था। इस दौरान 'यूनिवर्स बॉस' के नाम से मशहूर वेस्टइंडीज के दिग्गज सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल ने भारतीय टीम के मेंटॉर और 'कैप्टन कूल' के नाम से मशहूर महेंद्र सिंह धोनी से मुलाकात की। गेल और धोनी की मुलाकात के अलावा वेस्टइंडीज के कई खिलाड़ियों ने भी भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की। बीसीसीआई ने ट्विटर पर गेल और धोनी के मुलाकात की तस्वीरें पोस्ट की है। बीसीसीआई ने कैप्शन में लिखा, 'दो लीजेंड्स और एक यादगार मोमेंट।' गेल आईपीएल के 14वें सीजन में पंजाब किंग्स टीम का हिस्सा थे। इस दौरान ड्वेन ब्रावो ने भी धोनी से मुलाकात की। एमएस धोनी यहां पर चेनन्ई सुपर किंग्स के अपने साथी ड्वेन ब्रावो से भी मिले। वेस्टइंडीज क्रिकेट ने भी दोनों खिलाड़ियों की तस्वीर शेयर की है। धोनी और ब्रावो लंबे समय से आईपीएल टीम चेनन्ई सुपर किंग्स टीम का हिस्सा हैं।

वेस्टइंडीज क्रिकेट ने सोशल मीडिया पर और भी कुछ तस्वीरें शेयर की है। भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने निकोलस पूरन से मुलाकात की। पंत आईपीएल 2021 में दिल्ली कैपिटल्स टीम के कप्तान थे जबकि पूरन पंजाब किंग्स टीम का हिस्सा थे। वहीं, भारतीय टीम के हेड कोच रवि शास्त्री की तस्वीर पाकिस्तान के बैटिंग सलाहकार मैथ्यू हेडेन और वेस्टइंडीज के कोच फिल सिमंस के साथ आई। भारत और पाकिस्तान एक ग्रुप में हैं और वेस्टइंडीज़ अलग ग्रुप में है। भारतीय क्रिकेट टीम को टी-20 वर्ल्ड कप में अपना पहला मुकाबला 24 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है।

# टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारत के गेम प्लान पर बोले कोच रवि शास्त्री- खिलाड़ियों को ज्यादा तैयारी की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम को टी-20 वर्ल्ड कप में अपना पहला मुकाबला 24 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है। भारत ने अपने मुख्य मुकाबलों से पूर्व पहले वार्म-अप मैच में सोमवार को इंग्लैंड को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। मैच के दौरान टीम इंडिया के हेड कोच रवि शास्त्री ने जोर देकर कहा कि टॉस या टीम चयन के संबंध में उनकी कोई खास रणनीति नहीं है। उन्होंने कहा कि जो भी निणय लिया जाएगा वो पिच की परिस्थितियों के अनुसार ही लिया जाएगा। शास्त्री का मानना ??है कि यूएई में इंडियन प्रीमियर लीग 2021 सीज़न का हिस्सा रहे खिलाड़ियों को बहुत ज्यादा तैयारी की जरूरत नहीं है और टी-20 वर्ल्ड कप से पहले उन्हें एकसाथ माहौल में ढलने की जरूरत है। कोच ने कहा कि प्रैक्टिस मैचों से भारत को लय हासिल करने में मदद मिलेगी। टीम इंडिया के हेड कोच के रूप में शास्त्री का यह अंतिम टूर्नामेंट है और टी-20 वर्ल्ड कप की समाप्ति के बाद वह अपने पद से हट जाएंगे।

उनके जाने के बाद राहुल द्रविड़ को टीम का अगला हेड कोच बनाया जा सकता है। शास्त्री ने आधिकारिक प्रसारक 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, खिलाड़ी पिछले दो महीने से आईपीएल खेल रहे हैं, इसलिए मुझे नहीं लगता कि उन्हें ज्यादा तैयारी की जरूरत है। उन्हें केवल माहौल में एक साथ ढलना होगा। उन्हें सिर्फ लय में लौटना होगा और ऊर्जा हासिल करनी होगी। इस खेल में हर कोई बल्लेबाजी कर सकता है और हर कोई गेंदबाजी कर सकता है।

# सपा ही उत्तर प्रदेश को बना सकती है खुशहाल प्रदेश : अंजनी

**अखंड भारत संदेश**




**ज्ञानपुर।** औराई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा कंसापुर में समाजवादी पार्टी ने मतदाता जागरुकता कैम्प लगाकर जहां नागरिकों को विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरुक किया गया। वहीं नए मतदाताओं का नाम वोटरलिस्ट में दर्ज करने के लिए फार्म भरवाया गया। इस अवसर पर भावी प्रत्याशी अंजनी सरोज की उपस्थिति में करीब डेढ सौ लोगों ने फार्म भरा। इस अवसर पर अंजनी सरोज ने कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी नागरिकों को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराकर मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपके मत से ही देश व प्रदेश के विकास का रास्ता साफ होता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में आप सभी समाजवादी पार्टी को वोट देकर प्रदेश को खुशहाल बनाने के लिए अखिलेश यादव को दोबारा प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएं। जिससे प्रदेश में फैली अराजकता को दूर करते हुए उत्तर प्रदेश को एक बार फिर से तरक्की के मार्ग पर लाया जा सके। कहा कि उत्तर प्रदेश की तरक्की सिर्फ समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर ही संभव है। इस समय प्रदेश में जो भी सरकार चल रही है, वह सिर्फ नाम बदलने में विश्वास करती है। इस सरकार से न तो प्रदेश के विकास से कुछ लेना देना है और न ही आम जनमानस के विकास से, उन्हें सिर्फ नफरत फैलाना आता है। जिसे वह अच्छी तरह से करके समाज में फूट डालने का काम हमेशा से करते आए है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा में फरेबी भाजपा सरकार को उखाड. फेंकना ही युवाओं का मकसद होना चाहिए और प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार बनाना चाहिए। जिससे उत्तर प्रदेश एक बार फिर से तरक्की की ओर अग्रसर हो सके।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियानः 17 नवंबर तक घर-घर होगी दस्तक

**अखंड भारत संदेश**



**भदोही।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आज जनपद में आगाज किया गया। चिकित्सा विभाग के बैनर तले जागरुकता रैली निकाली गई, जिसे जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली जिलाधिकारी आवास से एसपी कार्यालय होते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर पहुंची। इस कार्यक्रम के तहत आशा कार्यकर्ताओं द्वारा सर्वप्रथम दस्तक व संचारी रोग अभियान के तहत अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने का अभियान शुरू किया जाएगा। विशेष संचारी अभियान रोग नियंत्रण अभियान आज से प्रारंभ कर 17 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने सर्वप्रथम संचारी रोग रोकथाम के लिए मौजूद लोगों को शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। कई बार जानकारी के अभाव में सामान्य बीमारी भी घातक रूप धारण कर लेती है। अगर सतर्कता बरती जाए तो बीमारी को फैलने को रोका जा सकता है। उन्होंने लोगों को अपने आसपास साफ सफाई रखने की अपील की। संचारी रोग के लिए जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से स्वास्थ्य विभाग में वाहनों की कमी के चलते नगर पंचायत ज्ञानपुर के वाहनों से प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## 17 नवंबर तक घर-घर जाएगी टीम

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संतोष कुमार चक ने बताया कि जनपद में विशेष संचारी अभियान रोग नियंत्रण अभियान मंगलवार से प्रारंभ होकर आगामी माह 17 नवंबर तक घर-घर टीमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। जनपद की सभी आशा कार्यकत्रियों द्वारा गृह भ्रमण कर लोगों को संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के बारे में लोगों को जागरूक करेंगी। इस अभियान के तहत संचारी रोग एवं वेक्टर जनित रोग पर नियंत्रण के लिए जन जागरूकता के माध्यम से उनमें व्यवहार परिवर्तन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए सरकारी विभाग के साथ अन्य अंतर्विभागीय प्रयास की सक्रियता रहेगी।

## बचाव के लिए जनसहभागिता जरूरी

सीएमओ डा. चक ने बताया कि संचारी रोगों से बचाव एवं रोकथाम हेतु यह अत्यन्त आवश्यक है कि जनसहभागिता के माध्यम से जनपद में साफ-सफाई मच्छरों की निरोधात्मक कार्रवाई जल जमाव को रोकने की रणनीति तैयार की जाए एवं समाज की सहभागिता से संचारी रोगों के फैलाव को रोका जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ समूहों की बैठक, पानी को क्लोरीन टैबलेट के माध्यम से साफ करने का प्रदर्शन, हाथ धोने, खुले में शौच से मुक्ति, गंदगी व कूड़े की सफाई व निस्तारण के संबंध में जागरूक किया जाए।

## रोजाना होगा एंटी लार्वा का छिड़काव

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पानी लगे हुए स्थानों पर मलेरिया विभाग के कर्मचारियों के द्वारा लगातार एंटी लार्वा का छिडकाव भी प्रतिदिन माइक्रो प्लान के अनुसार शहरी और ग्रामीण इलाकों में किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, समस्त अपर उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, प्रतिनिधि यूनिसेफ, मलेरिया एवं फाईलेरिया विभाग के तथा जिला चिकित्सालय तथा जिला सूचना कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# अमरिंदर ने खोले पत्ते, अपनी पार्टी बनाएंगे और किसान आंदोलन का समाधान निकल गया तो बीजेपी से करेंगे अलायंस

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** करीब एक महीना पहले पंजाब के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे चुके कैप्टन अमरिंदर सिंह ने राज्य में होने वाले अगले चुनाव को लेकर पत्ते खोलने शुरू कर दिए हैं। अपने अगले दांव पर से सस्पेंस हटाते हुए अमरिंदर ने कहा कि वह जल्द ही अपनी नई पार्टी बनाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने यह संकेत भी दिया कि पंजाब विधानसभा चुनाव (झ्रुहर्र तेंमूदह 2022) के लिए भाजपा के साथ-साथ अकाली से अलग हुए समान विचार वाले गुटों से गठबंधन करेंगे। हालांकि, अमरिंदर ने साफ किया कि भाजपा से गठबंधन कृषि कानूनों के मुद्दे के संतोषजनक समाधान पर निर्भर करेगा। कैप्टन अमरिंदर के मीडिया सलाहकार रवीन ठुकराल ने ट्विटर पर उनका बयान जारी किया, जिसमें कहा गया है, ठपंजाब के भविष्य के लिए संघर्ष जारी है। पंजाब और उसके लोगों तथा किसानों, जो एक साल से अधिक समय से अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे है, के लिए जल्द ही अपनी पार्टी की घोषणा करूंगा। अगर किसान विरोध का किसानों के हित में कोई समाधान निकल जाता है तो भाजपा के साथ वर्ष 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में सीटों के समझौते को लेकर आशान्वित हूं। इसके अलावा अकाली से अलग हुए समान विचारों वाले गुटों, खासकर ढींढसा और ब्रह्मपुरा गुट, से भी अलायंस की संभावना है।ठ अमरिंदर ने यह भी संकेत दिया है कि तीन कृषि कानूनों के विरोध में लंबे समय से चल रहा किसानों का आंदोलन जल्द



ही एक समाधान की ओर बढ़ सकता है।इससे पहल द प्रिंट के साथ बातचीत में अमरिंदर जब यह पूछा गया कि क्या उन्हें भाजपा से हाथ मिलाने में कोई वैचारिक दिक्कत होगी, तो अमरिंदर ने जवाब दिया कि मैं पंजाब के लिए खड़ा हुआ हूं और राज्य का हित सबसे ऊपर है। अमरिंदर ने कहा कि उनका फोकस 2022 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर पंजाब में सरकार बनाने पर रहेगा। भाजपा से किसी तरह के वैचारिक दिक्कत के मामले में अमरिंदर सिंह ने कहा कि वह पंजाब के साथ खड़े हैं। उनके लिए पंजाब के हित ही सबसे ऊपर हैं। 18 सितंबर को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद यह पहला मौका है, जब कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भविष्य की अपनी योजनाओं के बारे में खुलकर बात की है। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद ही वह कांग्रेस छोड़ने और बीजेपी में शामिल नहीं होने की बात कह चुके हैं। बीजेपी जॉइन न करने की बात को एक बार फिर उन्होंने दोहराया, लेकिन कहा कि उसके साथ गठबंधन करना चाहेंगे। अमरिंदर ने यह भी कहा कि वह भाजपा को सांप्रदायिक और मुस्लिम विरोधी नहीं मानते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या आप पंजाब में मुसलमानों, सिखों और हिंदुओं के बीच कोई समस्या देखते हैं, तो अमरिंदर ने जवाब दिया, ठकिसान आंदोलन से पहले पंजाब में मोदी सरकार का विरोध नहीं था।ठ हालांकि, उन्होंने यह भी खुलासा किया कि इसका समाधान खोजने की कोशिशें चल रही हैं।यह पूछे जाने पर कि क्या पंजाब में फिर से आतंकवाद का दौर लौट सकता है, अमरिंदर ने कहा, ठ मैं तीन साल से इस मुद्दे को उठा रहा हूं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी आंतकवादी स्लीपर सेल के जरिए पंजाब में हथियारों की खेप पहुंचा रहे हैं, लेकिन अब जिस मात्रा में हथियार आ रहे हैं वह परेशान करने वाला है।ठ उन्होंने एके-47, पिस्तौल, हथगोले, ड्रग्स और नकदी ले जाने के लिए ड्रोन के इस्तेमाल की ओर भी इशारा किया। अमरिंदर ने कहा, ठमेरे राज्य का 600 किलोमीटर लंबा इलाका अंतरराष्ट्रीय सीमा है।

## नई पहल : मेरठ के गांवों में बेटियों के नाम से होगी घर की पहचान

**मेरठ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में मेरठ के गांवों में बेटियों के नाम से उनके घरों की पहचान होगी। धीरे धीरे यह मुहिम शहर तक आएगी। घर के बाहर नेम प्लेट बेटियों के नाम पर लगनी शुरू हो गई है। यह पहल मेरठ में नीरा फाउंडेशन ने मेरा घर, मेरी बेटी का घर अभियान से की है। इसमें गांव गांव में बेटियों के नाम से नेम प्लेट लगाई जा रही है। ताकि बेटियों के प्रति परिवार सम्मान, प्यार और उन्हें संस्कारों के साथ आगे बढ़ाने का भाव जागृत कर सके। श्री मल्हू सिंह मटौर आर्य कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. नीरा तोमर ने बताया कि उन्हें यह मुहिम नीरा फाउंडेशन के अंतर्गत शुरू की है और यह विचार दूसरे शहरों को देखकर भी आया। समाज में बेटियों को आगे बढ़ाया जा सके इस उद्देश्य से यह मुहिम शुरू की है।इस अभियान से अभिभावक भी जागरूक हो रहे हैं। कुछ जगहों पर अभिभावकों को समझाया जाता है। उनकी बेटियां भी उन्हें समझाती हैं। अधिकांश जगहों पर जागरुकता ही देखने को मिल रही है। डॉ. नीरा तोमर का कहना है कि उनके मन में विचार था कि वह बेटियों के लिए कुछ करें। इसकी शुरुआत सबसे पहले दौराला से हुई। दौराला में वलीदपुर गांव में नेम प्लेट लगी। इसके बाद पनवाड़ी, मटौर में पट्टिका लगी। इसके बाद परीक्षितगढ़ में लगी।



# आसमानी आफतः कानपुर में घनघोर बारिश से टूटा 51 साल का रिकॉर्ड

**कानपुर (एजेंसी)।** तूफानी घनघोर बारिश ने कानपुर में 51 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रात को पूरा शहर जैसे जलमगन हो गया। मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे तक 127.6 मिमी (13 सेंटीमीटर) वर्षा रिकॉर्ड की गई जो सर्वाधिक बताई जा रही है। 35 वर्ष पहले दस अक्तूबर को 165.5 मिमी बारिश हुई थी। आमतौर पर अक्तूबर में एकसाथ इतनी बारिश कम ही होती है। मौसम विभाग की मानें तो बुधवार के बाद बारिश की गतिविधियां थम जाएंगी। दक्षिण-पूर्वी हवाओं और पश्चिमी विक्षोभ के चलते मध्य उत्तर प्रदेश के ठीक ऊपर चक्रवाती स्थितियां बन जाने के कारण लंबे समय बाद शहरवासियों को मूसलाधार बारिश देखना नसीब हुई। बारिश से मुश्किलें भी बढ़ीं लेकिन इसने लोगों



को राहत दी। गर्मी से ऊब चुके लोगों के लिए दो दिन बाद यह बारिश हल्की ठंडक लेकर आएगी।रविवार और सोमवार को हल्की बारिश के बाद मंगलवार देर रात दो से सुबह पांच बजे तक भीषण बरसात हुई। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक इतनी वर्षा इस दिन पहले कभी नहीं हुई। 19 अक्तूबर के लिए यह रिकॉर्ड है। वैसे अक्तूबर मामें 10 अक्तूबर 1985 में 165.5 और 02 अक्तूबर 2013 को 101.2 मिमी बारिश हो चुकी है। अन्य वर्षों में बारिश का औसत काफी कम रहा है। कुछ घंटों में करीब 13 सेंटीमीटर बारिश के बावजूद गर्मी का अहसास कम नहीं हुआ। दिन का तापमान 32.6 से 28.4 डिग्री सेल्सियस हो गया।

## झांसी : रुपये न देने पर बेटे ने पिता को कुल्हाड़ी से काट डाला

**झांसी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के झांसी में रुपये न देने पर बेटे ने पिता को कुल्हाड़ी से काट डाला। पिता को मौत के घाट उतारने के बाद बेटा घर से भाग निकला। पुलिस मामला दर्ज कर बेटे की तलाश कर रही है। गाता निवासी रघुवीर प्रजापति (62) सोमवार की देर रात घर पर सोने की तैयारी कर रहे थे। इस बीच उनका बेटा धीरू पहुंचा और गिरवी रखी बाइक छुड़ाने के लिए रुपये की मांग करने लगा। रघुवीर ने रुपये देने से मना किया तो तैश में आए धीरू ने कुल्हाड़ी से उन पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए। गंभीर रूप से घायल रघुवीर वहीं गिर गए। हमले के बाद धीरू मौके से भाग निकला। शोर सुनकर परिवार के लोग वहां पहुंचे और रघुवीर को अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# भाजपा समर्थित अपना दल विधायक बोले- हां मैंने पहनी लाल टोपी, सपा प्रत्याशी को दिया वोट

**प्रतापगढ़ (एजेंसी)।** प्रतापगढ़ के विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा समर्थित अपना दल (एस) के विधायक डॉ. आरके वर्मा ने माना कि सोमवार को हुए विधानसभा के डिप्टी स्पीकर के चुनाव में उन्होंने सपा प्रत्याशी को वोट किया था। यह भी बताया कि विधानसभा में ही सपा विधानमंडल दल के कार्यालय में पहुंचने पर उन्होंने लालटोपी पहनी थी। इसके बाद अब उनका सपा में जाना लगभग तय माना जा रहा है। कोरोना संक्रमण के दौरान प्रशासन को कटघरे में खड़ा करने वाले विधायक डॉ. आरके वर्मा के सपा में जाने की चर्चा जिले में कई माह से हो रही है। करीब एक माह पूर्व सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम की जेठवारा के नौबस्ता में हुई सभा में डॉ. आरके वर्मा के समर्थकों की



मौजूदगी ने इसे और पुख्ता कर दिया था। सोमवार को विधानसभा में डिप्टी स्पीकर के चुनाव में डॉ. आरके वर्मा के लालटोपी पहनने और सपा प्रत्याशी को वोट देने की चर्चा तेजी से होने लगी।

मंगलवार को डॉ.आरके वर्मा की सपा नेताओं के साथ लालटोपी पहने फोटो सोशल मीडिया में वायरल हुई तो चर्चाओं ने और जोर पकड़ लिया। इन सबके बीच बेल्हा की सियासत अचानक गरमा गई। इस संबंध में विधायक डॉ. आरके वर्मा से बात की गई तो उन्होंने चर्चाओं को पूरी तरह से सही करार देते हुए उसे स्वीकार किया। विश्वनाथगंज विधायक ने बताया कि सोमवार को विधानसभा में ही उन्होंने सपा विधानमंडल दल के कार्यालय में अन्य लोगों के साथ लाल टोपी पहनी थी। यही नहीं, विधानसभा के डिप्टी स्पीकर के चुनाव में भी उन्होंने सपा प्रत्याशी को अपना वोट देने की बात स्वीकारी। हालांकि विधायक ने कहा कि अभी उन्होंने सपा ज्वाइन नहीं की है लेकिन जब ज्वाइन करेंगे तो सबको बताएंगे। सभी राजनैतिक पाटिर्यों में 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ने की लंबे समय से तैयारी में लगे कई लोग दूसरे दलों में भी ठौर तलाश रहे हैं। इसके लिए जिले के कई कद्दावर नेताओं का भी नाम लोगों की जुबान पर है। लोग विधायक और पूर्व विधायक के दूसरे दल के नेताओं से मिलने का दावा कर रहे हैं। ऐसे नेताओं के सपा और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकातों का भी दावा किया जा रहा है।

# विधानसभा चुनाव से पहले ही पाकिस्तान की एंट्री, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बोले-सपा के लोग जीते तो पाक का समर्थन करेंगे

**लखनऊ (एजेंसी)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा है कि भाजपा जातियों को प्रतिनिधित्व तो देती है लेकिन जातिवाद नहीं राष्ट्रवाद में विश्वास करती है। मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में अनुसूचित मोर्चा के पासी समाज के सम्मेलन में उन्होंने कांग्रेस और सपा पर तीखा हमला बोला। कहा कि नेहरू से लेकर प्रियंका गांधी तक ने देश को अपमानित करने का काम किया है।

आह्वान किया कि चुनाव में व्यक्ति नहीं, सिर्फ कमल का निशान देखना। भले ही सपा से आपके समाज का प्रत्याशी हो मगर वो जीत गया तो सदन में मंदिर का विरोध और पाकिस्तान का समर्थन करेगा। स्वतंत्र देव ने महाराजा बिजली पासी, महाराजा लाखन पासी और वीरांगना ऊदा देवी के शौर्य को नमन किया। कहा कि नेहरू चाहते तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी को बलिदान नहीं देना पड़ता। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने हमेशा समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति की चिंता की। उनकी इस भावना को अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने जमीन पर उतारा। पासी समाज के लोगों ने देश के लिए बलिदान दिया है। मुगलों और अंग्रेजों के आगे कभी घुटने नहीं टेके। भाजपा ने पासी समाज को संगठन और सरकार में पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों में हिंदू आतंकवाद जैसे शब्द गढ़े गए। रामसेतु के अस्तित्व को नकारा। शंकराचार्य की



गिरफ्तारी कराई।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जैसा नेतृत्व सिर्फ भाजपा के पास है। जिन्हें अपने परिवार की नहीं बल्कि हर गरीब परिवार को 2024 तक अपना घर देने की चिंता है। बाकी दल फेमिली ट्रस्ट हैं जो सिर्फ लूटने के लिए सत्ता में आते हैं। पीएम की तरह ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी प्रदेश की जनता की दिन-रात सेवा में जुटे हैं। योगीराज में पासी या किसी और समाज की बेटी से कोई छेड़छाड़ की हिम्मत नहीं कर सकता।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पासी समाज का स्वर्णिम इतिहास रहा है। इसे नई पीढ़ी में फैलाने की भी बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा सपा, कांग्रेस, बसपा दलित विरोधी पार्टी हैं। भाजपा ही सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। भाजपा कोई परिवार की पार्टी नहीं है। आप सब भविष्य के नेता हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के पंचतीर्थों का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ही नेतृत्व में किया गया है। बीजेपी को पहले अगड़ों की पार्टी कहा जाता था जबकि यह सर्वसमाज की पार्टी है। सबसे ज्यादा अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के लोग मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निकलते हैं। यह जागरूकता बनी रहनी चाहिए। सरकार ने जब गरीबों के घर खोज- खोज कर के उनको बिजली के कनेक्शन दिए गए तो विरोधियों के पेट में दर्द होता है। उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने कहा कि समाज को जाति धर्म में बांटने वाली ताकतें फिर सक्रिय हो रही हैं, इनसे सावधान रहने की जरूरत है। पिछली सरकारों के समय में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलन्द थे कि उनकी सवारियां निकलती थीं। पुलिस के अधिकारी भी उनसे डरते थे। वर्तमान सरकार में अपराधियों के हौसले पूरी तरह पस्त हैं।

सम्मेलन को केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा, अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत, अशोक रावत, राज्यमंत्री सुरेश पासी, अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया ने भी संबोधित किया। भगवती प्रसाद रावत, रामपाल वर्मा, कृष्णा पासवान, बृजेश रावत, बैजनाथ रावत, सुरेश राही, उपेंद्र पासवान आदि मौजूद रहे।

# चुनावी जंग के लिए अखिलेश यादव ने बनाई 72 सदस्यीय प्रदेश कार्यकारिणी

**लखनऊ (एजेंसी)।** चुनावी जंग के लिए संगठन के पुनर्गठन के काम में लगे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नई प्रदेश कार्यकारिणी को हरी झंडी दे दी है। नरेश उत्तम की अध्यक्षता वाली इस कमेटी में 71 लोगों को रखा गया है। इसमें युवा चेहरों को खास अहमियत दी गई है। आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम को सचिव बनाया गया है तो स्व. राम सरण दास के बेटे को उपाध्यक्ष बनाया गया है। पांच साल बाद बनी इस कमेटी में नए जातीय समीकरणों का खास ध्यान रखा गया है। कार्यकारिणी में डा. फिदा हुसैन अंसारी, जयशंकर पाण्डेय और जगपाल दास गुर्जर को उपाध्यक्ष, राजकुमार मिश्रा को कोषाध्यक्ष, राज नारायण बिंद को प्रमुख महासचिव और श्यामलाल पाल एवं तिलक चंद्र अहिरवार को



महासचिव नामित किया गया है। सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में 24 सचिव, 40 सदस्य नामित किए गए हैं। कार्यकारिणी में समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

**ये बने सचिव**

हाजी मो. अनवर खां-बहराइच, रामसिंह राणा- मऊ, सरदार सतनाम सिंह सेठी- पीलीभीत, दयाशंकर निषाद-गोरखपुर, लक्ष्मीकान्त उर्फ पप्पू निषाद-संतकबीरनगर, महेंद्र चौहान- मऊ, बख्तावर सिंह- सहारनपुर, दिलीप कमलापुरी-लखनऊ, संजय सविता विद्यार्थी-गोंडा, जुगुल किशोर बाल्मीकि-संभल, अब्दुल्ला आजम-रामपुर, रामगोविन्द प्रजापति-बलिया, लालता प्रसाद बियार- मिर्जापुर,देवनाथ साहू-आजमगढ़, प्रमोद मौर्या -प्रतापगढ़, राजेश कुशवाहा-गाजीपुर, ओंकार पटेल-बलरामपुर, सराफत खां -हरदोई, त्रिवेणी प्रसाद पाल-लखनऊ, दीपाली रायकवार-झांसी, विभा शुक्ला-लखनऊ, महिमा यादव-नोएडा, अनीता दिवाकर-इटावा, अजय चौधरी- सिद्धार्थनगर

**इन्हें बनाया गया सदस्य**

कमलाकांत गौतम- इलाहाबाद, विनोद बिंद चंदौली-, लालता प्रसाद निषाद-गाजीपुर, शिवचरण कश्यप- बरेली, मुस्ताक काजमी- इलाहाबाद, पुष्पराज जैन पम्पी जैन,कन्नैज, संग्राम सिंह आजमगढ़, अमिताभ वाजपेयी- कानपुर, उज्जवल रमण सिंह- इलाहाबाद, आनंद भदौरिया- सीतापुर, सुनील यादव साजन- उननव, जमुना प्रसाद- आगरा, राजीव शर्मा- कानपुर, कृष्ण कुमार त्रिपाठी-गोरखपुर, राहुल कौशिक- अमरोहा, राकेश मौर्य जौनपुर, नफीस अहमद-आजमगढ़, दलजीत निषाद- फतेहपुर, विजय आर्य- बस्ती, भूपेंद्र दिवाकर-इटावा, सर्वेश अम्बेडकर- कन्नैज, मांगेराम कश्यप- सहारनपुर, सुधाकर सिंह कश्यप- मेरठ, दयाराम प्रजापति-इटावा, इलियास अंसारी कुशीनगर, संतोष कुमार बलिया, फिरोज खां संभल, भइया राम पटेल -प्रतापगढ़, फजल महमूद- कानपुर,जुग्गी लाल -बहराइच, रघुवीर यादव- सुल्तानपुर, आरिफ सिद्दीकी- भदोही, शुभलेश यादव- बरेली, मौलाना इस्राइल- बाराबंकी, राजेश्वरी देवी चौधरी- गाजियाबाद, श्याम लाल बच्ची- सैनी, शिवकुमार गोस्वामी-बिजनौर व धर्मवीर डबास- गाजियाबाद।

# हिंदुओं पर हमला करने वालों पर होगा एक्शन, बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना ने मंत्रियों को दिया आदेश

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने 19 अक्टूबर को गृहमंत्री से हिंदुओं के खिलाफ हिंसा करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया है। हसीना ने लोगो से तथ्यों की जांच किए बिना सोशल मीडिया पर किसी भी चीज पर भरोसा नहीं करने को कहा है। दुर्गा पूजा से बांग्लादेश में हिंदुओं के मंदिरों पर हमले बढ़ गए हैं। दुर्गा पूजा समारोहों के दौरान सोशल मीडिया पर कथित तौर पर ईशनिंदा करने वाला एक पोस्ट देखने को मिला था जिसके बाद से बांग्लादेश में एक भीड़ ने 66 मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया और कम से कम 20 मकानों को आग के हवाले कर दिया।

सरकार के कैबिनेट सचिव खांडकर अनवारूल इस्लाम के हवाले से ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पीएम हसीना ने मंगलवार को साप्ताहिक कैबिनेट बैठक के दौरान गृहमंत्री असदुज्जमान खान को उन लोगों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने का



निर्देश दिया है जिन्होंने धर्म का इस्तेमाल कर हिंसा भड़काई थी। हसीना ने गृह मंत्रालय को सतर्क रहने और ऐसी घटनाओं न हो, इसे लेकर कदम उठाने का निर्देश दिया है। उन्होंने पीडि़त परिवारों को हर संभव सहायता मुहैया करने की घोषणा की है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक अलग-अलग हमलों में हिंदू समुदाय के छह लोग मारे गए हैं लेकिन इस आंकड़े की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। गृहमंत्री ने कहा है कि कोमिला घटना की जांच की जा रही है। हम आरोपियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए काम कर रहे हैं। सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी हालिया सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ देशभर में सौहार्द्र रैलियां कर रही है और शांतिपूर्ण जुलूस निकाल रही है। अवामी लीग के महाचिव ओबैदुल कादिर ने यहां एक रैली में कहा है कि हिंदू भाई-बहन को डरने की जरूरत नहीं है। शेख हसीना और अवामी लीग आपके साथ है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर बोली तसलीमा, वो अब सिर्फ 'जिहादिस्तान'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या को लेकर लेखिका तसलीमा नसरीन ने कहा कि वो अब बांग्लादेश नहीं जिहादिस्तान बनता जा रहा है। सभी सरकारों ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का इस्तेमाल किया है। उन्होंने इस्लाम को राजधर्म बना दिया जिससे वहां हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की स्थिति दयनीय हो गई है।



# तालिबानी मंत्री ने सुसाइड बॉम्बर्स की तारीफ में पढ़े कसीदे, रिश्तेदारों को पैसे और जमीन तोहफे में देने का ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तालिबान के एक शीर्ष मंत्री ने अपने उन सुसाइड बॉम्बर्स की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं जिनकी मौत हमलों के दौरान हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तालिबान के शीर्ष मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी ने इन सुसाइड बॉम्बर्स के परिजनों से मुलाकात की है। इसी मुलाकात के दौरान सिराजुद्दीन ने हमले में मारे गए लोगों को हीरो तक बता दिया। तालिबान सरकार में सिराजुद्दीन हक्कानी गृहमंत्री हैं। अफगान स्टेट ब्रॉडकास्टर ॅ्रँ ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि हक्कानी ने मारे गये जिहादियों को शहीद और मुजाहिद्दीन कहा। इतना ही नहीं तालिबानी गृहमंत्री ने इन्हें इस्लाम और देश का हीरो भी बताया। यहां बता दें कि सिराजुद्दीन हक्कानी यूनाइटेड स्टेट की लिस्ट में एक आतंकवादी है और उसके सिर पर 10 मीलियन डॉलर का इनाम है। सिराजुद्दीन हक्कानी ने मरे हुए सभी सुसाइड बॉम्बर्स के परिजनों को 125 डॉलर और एक



जमीन का टुकड़ा देने का ऐलान भी किया। बता दें कि साल 2018 में इंटरकॉन्टिनेन्टल होटल में तालिबानी बंदूकधारी घुस आए। इन लोगों ने होटल में मौजूद मेहमानों और कर्मचारियों पर जमकर फायरिंग की थी और कई लोगों को बंधक बना लिया था। हक्कानी नेटवर्क का संस्थापक सिराजुद्दीन का पिता जलालुउद्दीन हक्कानी था। अफगानिस्तान में पिछले दो दशकों में कई खूनी आतंकी हमलों का श्रेय इस आतंकवादी संगठनों पर है। इधर रूस में विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि उनका देश तालिबान को आधिकारिक तौर से मान्यता नहीं देगा। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि अभी के लिए वो चाहते है कि इस्लामिक ग्रुप अच्छे वादे करे जो वादे उसने अफगानिस्तान में सत्ता हथियाने के बाद किये थे।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.
UPHIN 2001/9025